आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 27 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-090 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

# यूएस का ईरान पर फिर बड़ा हमला

## होर्मुज में कार्गो शिप पर ड्रोन हमले का लिया बदला

**वाशिंगटन,27 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध की चिंगारी फिर भड़कने लगी है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में कार्गो शिप पर ड्रोन हमला किया। इसके बाद अमेरिका ने तुरंत ईरान पर करारा पलटवार किया। अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला करते हुए उसके मिसाइल-ड्रोन साइट्स को निशाना बनाया है। अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर करीब एक घंटे तक हमले किए। ईरान पर हमले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने सीजफायर तोड़ा, इसलिए जवाबी कार्रवाई की गई। होर्मुज में कार्गो शिप पर ड्रोन हमले हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सीजफायर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने शिप पर 4 ड्रोन हमला किया था। अमेरिकी सेना ने तीन अन्य ड्रोन को रोक दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर लिखा- ईरान ने स्ट्रेट



ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर कम से कम चार वन-वे अटैक ड्रोन दागे। इनमें से एक ड्रोन सीधे जाकर महंगे कमर्शियल शिप के ऊपरी हिस्से से टकराया। हमले से जहाज को नुकसान तो पहुंचा है, लेकिन वह आगे बढ़ने में कामयाब रहा। बाकी के तीन ड्रोन को अमेरिकी सेना ने हवा में ही मार गिराया। ट्रंप ने इसे सीजफायर समझौते का एक मूर्खतापूर्ण उल्लंघन करार दिया है। ट्रंप के बयान के कुछ ही देर बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया है कि उसने ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए हैं। यह कार्रवाई व्यावसायिक जहाज पर हुए हमले के जवाब में की गई है। इधर अमेरिकी विदेश विभाग ने वॉशिंगटन में तैयार हुए इजराइल-लेबनान समझौते का 14 पॉइंट मसौदा जारी किया है। इसके मुताबिक, लेबनानी सेना पूरे देश में दोबारा अपना नियंत्रण संभालेगी। इसके बदले हिजबुल्लाह जैसे हथियारबंद समूहों को हथियार छोड़ने होंगे और उनके ठिकाने हटाने होंगे। ऐसा होने के बाद इजराइली सेना धीरे-धीरे लेबनान के कब्जे वाले इलाकों से पीछे हटेगी।

## खाद खरीदी पर टोकन व्यवस्था खत्म

**रायपुर,27 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए




रासायनिक खाद वितरण की टोकन व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी है। अब किसानों को सहकारी समितियों और प्राथमिक कृषि साख समितियों (सोसायटियों) से यूरिया और डीएपी सहित अन्य रासायनिक खाद लेने के लिए किसी भी ई-टोकन या पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। किसान सीधे समिति पहुंचकर निर्धारित नियमों के अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के अनुसार खाद वितरण अब किसानों की भूमि के रकबे के आधार पर किया जाएगा, ताकि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध हो सके। छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें एक बार में ही आवश्यक मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि खाद वितरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के साथ-साथ कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग की टीमें पूरे राज्य में लगातार औचक निरीक्षण करेंगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार का कहना है कि इस फैसले से किसानों को खाद के लिए लंबी प्रतीक्षा और टोकन संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी। साथ ही खरीफ सीजन के दौरान समय पर खाद उपलब्ध होने से खेती-किसानी के कार्य भी प्रभावित नहीं होंगे।

## 194 साल के कछुआ से सेशेल्स में मिलेंगे मोदी

**नईदिल्ली, 27जून।** पीएम नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर सेशेल्स जाएंगे। पीएम मोदी सेशेल्स की आजादी के 50 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी सेशल्स की यात्रा के दौरान धरती के सबसे उम्रदराज जीवित स्थलीय जीव से मिलेंगे। सबसे उम्रदराज जीवित जीवित स्थलीय जीव का नाम 'जोनाथन' है। जोनाथन एक कछुआ है, जिसकी उम्र करीब 194 साल है। पीएम मोदी सेशेल्स के लिए उड़ान भर चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- सेशेल्स के लिए निकल रहा हूँ, जहाँ मैं उनके नेशनल डे सेलिब्रेशन में हिस्सा लूँगा। इस साल, यह और भी खास है क्योंकि यह गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन है।

## सर्विस में कमी पर रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ शिकायत जायज : सुको

**नई दिल्ली,27 जून।** फ्लैट का कब्जा लेने के बाद भी घर खरीदार सर्विस में कमी के लिए रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि घर खरीदार फ्लैट का कब्जा लेने के बाद भी कब्जा मिलने में हुई देरी के लिए मुआवजा पाने के लिए डेवलपर्स के खिलाफ कंज्यूमर फोरम में जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन के उस आदेश को रद कर दिया जिसमें कहा गया था कि फ्लैट का कब्जा लेने के बाद घर खरीदार कंज्यूमर नहीं रह जाता और देरी के लिए मुआवजा नहीं मांग सकता। अदालत ने यह भी कहा कि घर खरीदार और रियल एस्टेट कंपनी के बीच हुए एग्रीमेंट में मौजूद आर्बिट्रेशन क्लॉज (मध्यस्थता की शर्त) खरीदार को अपनी शिकायतें लेकर कंज्यूमर फोरम में जाने से नहीं रोक सकता। एनसीआर के द्वारका में एक हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट का कब्जा मिलने के बाईस साल बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने फ्लैट सौंपने में हुई देरी के लिए मुआवजा मांगने की खरीदार की याचिका को मंजूरी दे दी। बेंच ने कहा कि एनसीडीआरसी का तर्क सही नहीं ठहराया जा सकता। बेंच ने कहा, "अपीलकर्ता की शिकायत सिर्फ कब्जा पाने के बारे में नहीं थी। उसकी शिकायत यह थी कि



फ्लैट का कब्जा सौंपने में देरी हुई थी और वह इस देरी के लिए मुआवजा पाने का हकदार था। कब्जा मिलने में देरी के लिए मुआवजे का दावा असल में कब्जा मिलने से पहले की अवधि से जुड़ा होता है। बाद में कब्जा मिल जाने से देरी के लिए मुआवजे के दावे पर फैसला पाने का अलॉटी (आवंटी) का अधिकार अपने-आप खत्म नहीं हो जाता।" बेंच ने घर खरीदार की ओर से जिला उपभोक्ता फोरम में 2005 में दायर शिकायत को फिर से शुरू किया और फोरम से कहा कि वह एक साल के भीतर यह तय करे कि क्या इसमें कोई देरी हुई थी।

## एक ही फ्लाइट में सीएम फडणवीस-उद्धव ठाकरे, दोनों ने की सिक्रेट बात

मुंबई,27 जून। महाराष्ट्र की राजनीति में उस समय अजीब नजारा देखने को मिला, जब सीएम देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे एक ही फ्लाइट में अगल-बगल बैठे दिखे। दो धुर विरोधियों का एक ही फ्लाइट में अगल-बगल बैठने को वीडियो और फोटो जैसे ही सामने आया, महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चा का विषय बन गया। ये तस्वीरें सामने आने के बाद सियासी गलियारों में अटकलें तेज हो गईं। लोग कयास लगाने लगे कि महाराष्ट्र की राजनीति में कौन की खिचड़ी पक रही है? दरअसल मुंबई से नागपुर जाने वाली फ्लाइट में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे एक ही फ्लाइट में साथ यात्रा की। उड़ान के दौरान राज्य के दोनों नेताओं ने न केवल एक-दूसरे से मुलाकात की बल्कि हाथ मिलाकर और अभिवादन भी किया। दोनों की तस्वीरें सामने आने के बाद अटकलों का दौर शुरू



हो गया। हालांकि, दोनों पक्ष ने इसे महज एक संयोग बताया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस पहले से तय सरकारी और राजनीतिक कार्यक्रमों के तहत अपने गृहक्षेत्र एवं विधानसभा क्षेत्र नागपुर जा रहे थे। जबकि उद्धव ठाकरे शनिवार से शुरू हो रहे अपने तीन दिवसीय विदर्भ और मराठवाड़ा दौरे के लिए नागपुर पहुंचे हैं। ऐसे में एक ही फ्लाइट में दोनों नेताओं की मौजूदगी और उनका हाथ मिलाना चर्चा का विषय जरूर बना। हालांकि दोनों पक्ष इसे सामान्य शिष्टाचार और महज संयोग बता रहे हैं।

## बंगाल में लागू होगा यूसीसी-एनआरसी: सीएम शुभेंदु

**कोलकाता,27 जून।** पश्चिम बंगाल में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू होगा। इसकी घोषणा खुद बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी ने की है। बंगाल मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करेगी। साथ ही लैंड जिहाद, लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून भी लाया जाएगा। वहीं घुसपैठियों को वापस भेजेंगे। सीएम शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर रवींद्र सदन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बंगाल सीएम ने समान नागरिक संहिता और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को भी लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि राज्य की अंतरराष्ट्रीय सीमा के माध्यम से घुसपैठ ने धर्मांतरण, 'लव जिहाद' और डेमोग्राफिक बदलावों में योगदान दिया है। हमें कुछ समय दें। पश्चिम बंगाल में धर्मांतरण के खिलाफ एक सख्त कानून और समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। अवैध प्रवासियों और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत आने वाले शरणार्थियों के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए, शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने के बाद भारत आए हिंदू घुसपैठिए नहीं हैं.

## शोएब अख्तर के भाई के जनाजे में आतंकियों का जमावड़ा

**करांची,27 जून।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर शुक्रवार को एक विवाद में फंस गए, जब लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कथित आतंकवादियों ने इस्लामाबाद में उनके बड़े भाई शाहिद अख्तर के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। वीडियो में लश्कर के कई



आतंकवादी अंतिम संस्कार में शामिल होते दिखे। सूत्रों का कहना है कि यह वीडियो लश्कर या पाकिस्तान मरकज़ी मुस्लिम लीग ने जारी किया था, जो प्रतिबंधित जमात-उद-दावा का ही एक हिस्सा है। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों की पहचान पाकिस्तान मरकज़ी मुस्लिम लीग के इस्लामाबाद प्रमुख इनाम-उर-रहमान कंबोह और उसके सदस्यों अब्दुल्ला तूर, हाफ़िज़ उमर और अमजद भट्टी के तौर पर की गई। लश्कर के संस्थापक हाफ़िज़ सईद के बेटे और पाकिस्तान मरकज़ी मुस्लिम लीग के सदस्य तलहा सईद को भी अंतिम संस्कार में शामिल होते देखा गया। इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान की असलियत सबके सामने ला दी है और यह साबित कर दिया है कि इस्लामाबाद क्यों आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। गौरतलब है कि हाल के समय में यह दूसरी बार है जब तलहा को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में देखा गया है। इससे पहले अप्रैल में, वह प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह के साथ एक ही मंच पर मौजूद थे और दोनों ने काफी देर तक आपस में बातचीत भी की थी। भारत ने बार-बार इस बात पर चिंता जताई है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को मदद और छिपने की जगह देता है। साथ ही, भारत ने संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया भर की संस्थाओं से इस्लामाबाद के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील भी की है। मार्च में अमेरिका की एक रिपोर्ट में भी इस बात को दोहराया गया था कि पाकिस्तान आतंकवादियों, खासकर भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। 25 मार्च को जारी यह रिपोर्ट 'कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस' ने प्रकाशित की थी।

## सीबीआई जांच मामले में रविशंकर महाराज को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**बिलासपुर ,27 जून।** रविशंकर महाराज को सुप्रीम कोर्ट से सीबीआई जांच से जुड़े मामले में थोड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुमति याचिका का निपटारा करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में लंबित मामले की जल्द सुनवाई कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की छूट दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्य बागची की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। यह मामला छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में लंबित याचिका से जुड़ा है] जिसमें दूरसंचार संदेशों के वैध अवरोधन से संबंधित आदेश की वैधता पर सवाल उठाए गए हैं। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया था कि टेलीकम्युनिकेशंस (प्रोसीजर्स एंड सेफगार्ड्स फार लाफुल इंटरसेप्शन आफ मैसेजेज) रूल्स, 2024 के नियम 3(3)(बी) के अनुसार इंटरसेप्शन आदेश को सात कार्य दिवस के भीतर समीक्षा समिति के समक्ष पुष्टि के लिए रखा जाना आवश्यक है। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो आदेश स्वतः निष्प्रभावी हो जाता है और उसके आधार पर एकत्र साक्ष्य विचारणीय नहीं रहते। मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि यह विशिष्ट कानूनी आधार मूल याचिका में स्पष्ट रूप से उल्लेखित नहीं था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को नया शपथपत्र दाखिल कर अपने तर्क स्पष्ट करने के निर्देश देने के साथ ही सीबीआई को सक्षम अधिकारी के शपथपत्र के साथ जवाब दाखिल करने को कहा था। मामला पहले 24 जून को सूचीबद्ध किया गया था। अब इससे जुड़े कानूनी प्रश्नों पर आगे की सुनवाई 14 जुलाई 2026 को है। इसी बीच याचिकाकर्ता ने मामले की शीघ्र सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में SLP दायर की थी।

## अवैध खनन-परिवहन में लगे 3 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर जब्त

**रायपुर,27जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल ने अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 जेसीबी मशीन तथा 3 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई राज्य सरकार की शून्य सहिष्णुता की नीति को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किए जाने का प्रमाण है। जिले के देवराजपारा-सधवानी तथा बंधी-बचरवार क्षेत्र में खनिज मुरूम एवं मिट्टी के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कराई गई। वहीं सिलपहरी क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन की सूचना पर भी खनिज विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को जप्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान देवराजपारा-सधवानी क्षेत्र से दो जेसीबी, बंधी-बचरवार क्षेत्र से एक जेसीबी तथा सिलपहरी क्षेत्र से रेत परिवहन में लगे तीन ट्रैक्टर वाहनों को जब्त कर सुरक्षित रूप से पुलिस लाइन अमरपुर में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि सधवानी के



ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1076 तथा कलेक्टर के समक्ष अवैध उत्खनन की शिकायत दर्ज कराई थी। मुख्यमंत्री की जनहितकारी शिकायत निवारण व्यवस्था के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए खनिज विभाग को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की सक्रियता और खनिज विभाग की तत्परता से शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है। कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण जैसी किसी भी गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी, सतत निरीक्षण तथा शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिले की प्राकृतिक संपदा का संरक्षण हो सके और शासन को राजस्व की क्षति न पहुंचे। खनिज विभाग के अनुसार जप्त किए गए सभी वाहनों के मालिकों के विरुद्ध खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। नियमानुसार अर्थदंड एवं समझौता राशि निर्धारित खनिज मद में जमा कराने के बाद ही संबंधित वाहनों को मुक्त किया जाएगा।

## जायदाद के लालच में मां की हत्या,पिता का पैर तोड़ा

**कोरबा,27 जून।** कोरबा के उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चीतापाली निवासी 35 वर्षीय रामकुमार यादव (जो कि दिव्यांग है और चलने के लिए लाठी का सहारा लेता है) काफी समय से अपने माता-पिता पर पैतृक ज़मीन के बंटवारे का दबाव बना रहा था। माता-पिता अभी ज़मीन का बंटवारा करने के पक्ष में नहीं थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे इसी बात को लेकर घर में एक बार फिर विवाद शुरू हुआ। जब माता-पिता ने बंटवारा करने से मना किया, तो रामकुमार गुस्से से आगबबूला हो गया। आक्रोश में आकर रामकुमार ने अपनी वृद्ध माँ जानकुंवर पर उसी लाठी से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिसके सहारे वह खुद चलता था। सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण माँ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इतने से भी बेटे का खून शांत नहीं हुआ; उसने अपने पिता श्याम लाल यादव पर भी लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनका पैर टूट गया और शरीर पर कई अन्य जगह चोटें आईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा रात में ही मौके से फरार हो गया.

**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद(आईओसी) सबके हित का रखती है ख्याल**

## खेल के स्तर को ऊंचा बनाए रखने सदैव प्रयासरत

**आलेख . जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर, रायपुर**

1896 से अनवरत जारी आधुनिक ओलंपिक स्पर्धा आज विश्व की सबसे पुरानी बहुखेल चैम्पियनशिप है। इसको बहुत ही सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, सोशल मीडिया, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सअप, इंटरनेट आदि माध्यमों से दुनिया के कोने-कोने तक आईओसी की गतिविधियां प्रचारित प्रचारित की जाती हैं। ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन, पैरालिंपिक्स, आयोजनों के लिए टेलीविजन मार्केटिंग और लाइसेंसनिंग अधिकारों की बिक्री के माध्यम से आईओसी को करीब 66011 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होती है। दूसरी तरफ फीफा याने फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबाल एसोसिएशन के गवर्निंग बॉडी के गाइडलाइन अनुसार कार्य करता है। आज की परिस्थिति में ओलंपिक और फुटबाल के उपरोक्त संगठन के अलावा अन्य कोई भी गवर्निंग बॉडी उतने अमीर नहीं है। फीफा की पूंजी वतर्मान विनिमय दर के आधार पर 66100 करोड़ रुपये होती है। जबकि फुटबॉल की पूंजी लगभग 103000 करोड़ रुपए है .दोनों ही संगठन नान प्राफिट आधार पर कार्य करते हैं और दोनों ही मान्यता प्राप्त देशों में फुटबाल या बहुखेल के विकास के लिए किसी न किसी रूप में देश, खेल या खिलाडि़यों को धन, प्रशिक्षक, खेल सामग्री के रूप में सहायता उपलब्ध कराते है। आज अगर हम ओलंपिक खेलों या फुटबाल की लोकप्रियता की बात करें तो इसकी वजह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन दोनों संस्थाओं के खेल संघ के पदाधिकारियों द्वारा विश्व भर में मान्यता दिए गए देशों को प्रदत्त सुविधाएं हैं। ओलंपिक खेलों को लोकप्रिय बनाने के लिए गवर्निंग बॉडी के विभिन्न संकायों के समस्त सदस्य ईमानदारी व समर्पण से अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। लांस एजिल्स में होने वाली 2028 के ओलपिंक में 28 खेलों की जगह 31 खेलों को प्रमुख खेल के रूप में मान्यता दे दी गई है।इन खेलों में मान्यता प्राप्त करीब 206 देश भाग लेंगे। इन देशों में से 36 खेलों के लिए एरेना में उतरने वाले योग्यतानुसार विभिन्न देशों के एथलीट की संख्या निर्धारित है। इसमें से कुछ खेल में विश्व में योग्यता, कुछ में महाद्वीपीय योग्यता, कुछ में विश्वकप प्रतियोगिताओं में प्राप्त आदि वरीयता आधार होती है। इसके साथ ही एथलेटिक्स जैसे खेलों के 48 इवेंट में प्रतिभाशाली खिलाडि़यों की भरमार को देखते हुए पहले ही समय, दूरी, ऊंचाई, लंबाई आदि के आधार पर एथलीट को मैदान में उतरने का अवसर दिया जाता है। स्पष्ट है कि एलए 2028 में लगभग 206 देशों से लगभग 11198 एथलीट 353 इवेंट में पदक जीतने की कोशिश करेंगे। पूरी दुनिया से सिर्फ योग्यता प्राप्त खिलाड़ी ही ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे और अनुमान है कि एक इवेंट में प्रतिभागियों की संख्या कम से कम 50 से 60 होगी तो आप अनुमान लगा सकते हैं कि पूरे जगत से 2028 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों ने अपने अपने प्रशिक्षक, देश की सरकार के प्रतिनिधियों के सहयोग से कितनी कड़ी मेहनत की होगी। एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट में भाग लेने हेतु पात्रता आधार पर एक नजर डालेंगे तो पता चल जाएगा कि एक खिलाड़ी को उनके प्रशिक्षक, सहयोगी स्टाफ की मदद से इस पात्रता आधार तक पहुंचने के लिए कितना त्याग, समर्पण करना पड़ता होगा। 100 मीटर दौड़ में क्रमशः पुरुष एथलीट/महिला एथलीट के लिए पात्रता समय 10.00 सेकंड, 11.17 सेकंड, 200 मीटर के लिए 20.16 सेकंड, 22.57 सेकंड, 400 मीटर के लिए 45.00, 50.95 सेकंड, 800 मीटर के लिए 1 मिनट 44.70, 1 मिनट 59.30 सेकंड, 1500 मीटर 3 मिनट 33.50, 4 मिनट 2.50 सेकंड है। इसके अलावा सीधे प्रवेश, 100 मीटर के लिए 56 खिलाड़ी नहीं होते है तो विश्व रेंकिंग से एथलीट लिए जाते हैं। हवा की गति 100 मीटर/200 मीटर के लिए+2.0 से अधिक गति नहीं होनी चाहिए। एक एथलीट को कम से कम चार साल लगातार मेहनत करनी पड़ती है, तब वह विभिन्न खेलों में योग्यता हासिल कर पाता है। यह भी सच है सभी खिलाड़ी पदक नहीं जीत पाते हैं तो फिर ऐसी परिस्थिति में चार साल परिश्रम करके, ट्रेनिंग में, खान-पान में पैसा लगा कर कोई खिलाड़ी मदद नहीं पाता तो उसे निराशा हो सकती है अतः अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने 2028 से कार्यक्रम फिट फार फ्यूचर निकाला है जिसके तहत लास एंजिल्स में प्रत्येक खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागी को करीब नौ लाख रुपये दिये जाएंगे। चाहे उसे कोई पदक हासिल हो या न हो. ओलंपिक परिषद के पदाधिकारियों का यह कदम खेल भविष्य के लिए सराहनीय है। इसी तरह का निर्णय छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ द्वारा लिया गया है . यह कदम खेल व खिलाडि़यो के हित में है।अतः खेल पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई .

### जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर 7 दिवस के भीतर निराकरण करने की मांग

# दुर्ग जिले के पंचायत सचिव समस्याओं के निराकरण नहीं होने से आक्रोशित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 27 जून।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ जिला इकाई दुर्ग के पँचायत सचिव विभिन्न समस्याओं के निराकरण नहीं होने से आक्रोशित है प्रदेश पंचायत सचिव संघ के जिला इकाई दुर्ग ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर । दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण करने किए जाने मांग की है समस्या का निराकरण नहीं होने पर 3 जुलाई को जिले भर के पंचायत सचिव एक दिवसीय रैली, धरना व अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनीजिला अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू कहा है कि समस्याओं का निराकरण 7 दिवस के भीतर नही होने पर 3 जुलाई को दुर्ग जिला के समस्त पंचायत सचिव जिला मुख्यालय में एक दिवसीय रैली धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे व प्रदर्शन करेंगेजिला सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी ने बताया गया है कि दुर्ग जिला पंचायत सचिव संघ की बैठक 25 जून को हुई इसमें दुर्ग जिला के पंचायत सचिवों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण यदि दिवस के भीतर नही किया गया तो एक दिवसीय हड़ताल में जाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है।ब्लाक अध्यक्षगण निमेष भोयर,प्रदीप चन्द्राकर, नरेश साहू ने बताया कि एन.पी.एस. की राशि व उपादान राशि, एरियर्स, चिकित्सा भत्ता राशि 7 दिवस के भीतर संबधित सचिवों के खाते में अंतरित किया जावे। दुर्ग जिला के पंचायत सचिवों के एन.पी. एस राशि वेतन से कटौती कर दिनांक 24 मई 2024 से जिला पंचायत के खाते में जमा है। उस राशि को तत्काल एन.पी.एस. खातें में जमा किया जाए एवं उस खाते में उक्त अवधि में ब्याज की राशि की गणना कर उस ब्याज की राशि को समस्त पंचायत सचिवों के खातें में तत्काल जमा किया जाए। उनका वेतन 1 तारिख को समस्त पंचायत सचिवों के खाते में अंतरित किया जावे। इसी प्रकार दुर्ग जिला के पचायत सचिवों के उपर हो रहे कार्रवाई को तत्काल बंद किया जावें व संचयी प्रभाव से रोके जा रहे वेतन वृद्धि की कार्रवाई पूर्णतः समाप्त किया जाए।

# रन अगेंस्ट ड्रग्स दौड़ प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 27 जून।** नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह (17 जून से 26 जून 2026) के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान दृ विकसित भारत की पहचान विषय पर व्यापक जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में आज दिनांक 25 जून 2026 को करपात्री मैदान (आउटडोर स्टेडियम), कबीरधाम में रन अगेंस्ट ड्रग्स थीम पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद अकादमी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंतर्गत 800 मीटर, 400 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में महेद कुमार धुर्वे ने प्रथम, सोभित धुर्वे ने द्वितीय तथा गौतम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।400 मीटर महिला वर्ग प्रतियोगिता में नीमा धुर्वे प्रथम, दुर्गा मरकाम द्वितीय एवं सालू मरावी तृतीय स्थान पर रहीं।100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सूरज नेताम प्रथम, मुकेश साहू द्वितीय एवं श्रवण मरकाम तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में रानू खुसरो ने प्रथम, भूमिका पटेल ने द्वितीय तथा अहिल्या मेरावी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री धर्मेन्द्र सिंह छवई, पुलिस अधीक्षक, जिला कबीरधाम रहे। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को नशे के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से समाज में नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अभिलाषा पण्डा, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा सभी उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशे के विरुद्ध सामूहिक संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद अकादमी के प्रशिक्षक श्री आर. दशरथ साहू एवं सुश्री रीना शर्मा का विशेष योगदान सराहनीय रहा।उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने हेतु प्रेरित करना था।

## एक नजर

### रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर और तकरीर 29 को

**भिलाई, 27 जून।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से कर्बला के शहीदों की याद में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 जून सोमवार को सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में किया जा रहा है। सोसाइटी की प्रमुख अंजुम अली ने बताया कि सुबह 11 बजे से 5 बजे तक रक्तदान, दंत परीक्षण, नेत्र परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन शिविर में होगा। इसके साथ ही यहां आयुष्मान कार्ड पंजीयन की सुविधा भी दी जा रही है। यहां शाम 5ः00 बजे से आलिमा गुल निशा की तकरीर (बयान) का आयोजन किया गया है, जिसमें कर्बला के शहीदों के वाकयात बयान किए जाएंगे। मगरिब की नमाज के बाद फातिहा ख्वानी होगी।

### 29 जून से 6 जुलाई तक जिले में मनाया जाएगा सहकारी सप्ताह

**दंतेवाड़ा,27 जून (तछसं.)।** केन्द्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक पूरे देश में ÷सहकारी सप्ताह÷ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले की सभी प्राथमिक सहकारी समितियों एवं जिला स्तर पर विभिन्न जनजागरूकता और विकासोन्मुखी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रमों का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना, सदस्यता बढ़ाना तथा किसानों एवं ग्रामीणों को सहकारी योजनाओं से जोडऩा है।सहकारी सप्ताह का शुभारंभ 29 जून को सभी लैम्पस कार्यालय परिसरों में सहकारी ध्वजारोहण एवं उपविधियों (बायलाज) के वाचन के साथ होगा। इसी दिन सहकार सदस्यता अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा। 30 जून को जिला कार्यालय में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

1 जुलाई को जिला सभागार में कृषक संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें किसानों को सहकारी योजनाओं, कृषि विकास एवं वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। 2 जुलाई को लैम्पस बारसूर में मॉडल पैक्स भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे सहकारी समितियों के सफल कार्यों का अवलोकन किया जा सके। 3 जुलाई को जिले की सभी समितियों में माइक्रो एटीएम एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# या हुसैन की सदाओं के बीच पारंपरिक ढंग से निकला ताजिया जुलूस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 जून।** कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम की 10वीं तारीख यानी यौमे आशूरा शुक्रवार को मनाया गया। मस्जिदों और घरों में नमाज-ए-जुहर के बाद दुआ-ए-आशूरा पढ़ी गई, जबकि ताजियादारी, सवारी और अखाड़ों के साथ मुख्य जुलूस निकाला गया। विभिन्न स्थानों पर लंगर, सबील और रक्तदान शिविरों के माध्यम से मानव सेवा का संदेश भी दिया गया। दोपहर बाद पावर हाउस ओवरब्रिज पर विभिन्न क्षेत्रों से ताजिया, सवारी और अखाड़े एकत्र हुए। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई, लेकिन बारिश के बावजूद अकीदतमंद या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए पूरे उत्साह से जुलूस में शामिल रहे। अखाड़ों के युवाओं ने पारंपरिक हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर आकर्षण का केंद्र बने। मुख्य जुलूस पावर हाउस से सेक्टर-1, सेंट्रल एवेन्यू, सेक्टर-5 चौक और सेक्टर-6 मस्जिद होते हुए देर रात जीई रोड स्थित करबला मैदान पहुंचा। यहां फातिहा ख्वानी के बाद धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। शहर की मस्जिदों, इमामबाड़ों और जुलूस मार्ग पर जगह-जगह लंगर एवं शरबत की सबील लगाई गई। छत्तीसगढ़ मुस्लिम फ्रंट की ओर से सेक्टर-6 जामा मस्जिद में इमाम हुसैन की याद में रक्तदान शिविर एवं आम लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं करबला कमेटी ने करबला मैदान में राहगीरों के लिए शरबत की सबील लगाई तथा जुलूस की व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया।।

# क्रेन ऑपरेटरों के लिए नए लैंडिंग प्लेटफॉर्म का लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 जून।** बीएसपी की रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में क्रेन ऑपरेटरों के लिए नए लैंडिंग प्लेटफॉर्म का निर्माण किया गया। 25 जून को मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तिदार ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय टीम की उपस्थिति में इसका लोकार्पण किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक अरविंद टंडन, महाप्रबंधक एन.के. खरे, प्रशांत खोंड, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक आर.के. राजधर, उप महाप्रबंधक आर.के. पवार, विक्रम वर्मा, सहायक महाप्रबंधक आलोक श्रीवास्तव सहित रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बताया गया कि पूर्व में स्थापित लैंडिंग प्लेटफॉर्म क्षतिग्रस्त और अनुपयोगी हो जाने के कारण क्रेन तक सुरक्षित पहुंच संभव नहीं थी। इसके चलते क्रेन की बार-बार री-पोजिशनिंग करनी पड़ती थी, जिससे संचालन के दौरान सुरक्षा संबंधी चुनौतियां उत्पन्न होती थीं। समस्या की पहचान यांत्रिक विभाग द्वारा किए जाने के बाद पुराने प्लेटफॉर्म को हटाकर लगभग 12 से 13 मीटर लंबा नया लैंडिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया गया। महज दो सप्ताह में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्माण कार्य पूरा किया गया। इस दौरान उत्पादन गतिविधियां भी बिना किसी बाधा के जारी रहीं।

# दक्षिण एशियाई थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में कुसुम ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई, 27 जून।** अडानी फाउंडेशन द्वारा संचालित श्रम निकेतन विद्यालय जामुल की छात्रा कुमारी कुसुम भारद्वाज ने द्वितीय दक्षिण एशियाई थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, जामुल क्षेत्र और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत में कुसुम भारद्वाज ने भारतीय टीम की सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय में खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक पदक हासिल करने की गौरवशाली परंपरा रखने वाले श्रम निकेतन विद्यालय के लिए कुसुम की यह अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि एक और स्वर्णिम अध्याय साबित हुई है।



### क्वेस्ट क्लब की रजत जयंती पर एलमनाक का विमोचन

**भिलाई, 27 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के युवा अधिकारियों और कर्मचारियों की बौद्धिक गतिविधियों से जुड़े क्वेस्ट द क्विज क्लब की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर क्लब की रजत जयंती के अवसर पर सिल्वर जुबली एलमनाक का ऑनलाइन विमोचन किया गया। क्लब के संस्थापक सदस्यों में शामिल वी. रवि ने मुंबई से ऑनलाइन जुड़कर इस विशेष प्रकाशन का विमोचन किया। सिल्वर जुबली एलमनाक का संकलन सौरभ सिन्हा ने किया है जो क्वेस्ट द क्विज़ क्लब के संयोजक रहे हैं। यह एलमनाक क्लब की 25 वर्षों की गतिविधियों, उपलब्धियों और बौद्धिक यात्रा का दस्तावेज है।

# वर्षा ऋतु में सर्पदंश से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 27 जून।** जिले में वर्षा ऋतु के दौरान सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों को सर्पदंश से बचाव और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बारिश के मौसम में खेतों, झाड़ियों, जलभराव वाले क्षेत्रों तथा अन्य नम स्थानों पर सांपों की सक्रियता बढ़ जाती है। सुरक्षित ठिकानों की तलाश में सांप कई बार घरों, गोठानों और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं, जिससे सर्पदंश की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अधिकांश मामले खेतों में कार्य करने, झाड़ियों में बिना सावधानी हाथ डालने अथवा अंधेरे स्थानों पर बिना रोशनी के आने-जाने के दौरान सामने आते हैं।विभाग ने किसानों और ग्रामीणों को सलाह दी है कि खेतों में कार्य करते समय गमबूट या ऊंचे जूते अवश्य पहनें, झाड़ियों अथवा घास के बीच जाने से पहले डंडे से जांच कर लें तथा रात के समय टॉर्च का उपयोग करें। इसके साथ ही घर और आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई बनाए रखने, झाड़ियों एवं अनुपयोगी सामान के ढेर हटाने तथा जलभराव वाले स्थानों को साफ रखने की अपील की गई है।स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सर्पदंश की स्थिति में किसी भी प्रकार के झाड़-फूंक या घरेलू उपचार पर निर्भर न रहें। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखते हुए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाएं, क्योंकि समय पर उपचार से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। विभाग ने नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतते हुए सुरक्षित व्यवहार अपनाने और सर्पदंश से बचाव संबंधी सावधानियों का पालन करने की अपील की है।

# मट्टीमरका को पर्यटन हब बनाने की तैयारी शुरू

- होम स्टे, इको टूरिज्म से चलेगी लोगों की आजीविका, रात्रिकालीन चौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 27 जून।** कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीणा ने ग्राम मट्टी मरका में रात्रिकालीन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, उनके सुझाव लिए तथा गांव के समग्र विकास, पर्यटन संवर्धन एवं आजीविका के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा की।

चौपाल के दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों की जीवनशैली, आजीविका के साधनों तथा उनकी दैनिक समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं के साथ बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है, जिससे गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।मट्टीमरका की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की योजना साझा की। उन्होंने ग्रामीणों को होम स्टे, इको स्टे एवं इको टूरिज्म जैसी गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे स्थानीय युवाओं एवं परिवारों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण आत्मनिर्भर बन सकेंगे। साथ ही स्थानीय संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।सिंचाई, चेकडैम और पेयजल की मांग पर त्वरित कार्रवाई के निर्देशचौपाल में ग्रामीणों ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, चेकडैम निर्माण, हैंडपंप स्थापना, तालाबों के गहरीकरण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सर्वेक्षण कर शीघ्र प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार करने तथा आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर विकास कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों के घरों का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए प्रत्येक परिवार को शौचालय निर्माण एवं उसके नियमित उपयोग के लिए भी जागरूक किया।महिलाओं से संवाद करते हुए कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार, दलिया एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन करने की सलाह दी। साथ ही गर्भवती एवं धात्री माताओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में बने रहने की अपील की। किसानों को मक्का, अरहर, उड़द सहित अन्य फसलों का फसल चक्र अपनाने तथा शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया है।

### एक ही परिसर में लइका घर आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला

**धमतरी, 27 जून ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी विकासखंड के ग्राम सियादेही का भ्रमण कर जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत संचालित लाइका घर, आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने ब'चों को उपलब्ध कराई जा रही प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को ब'चों के समग्र विकास के लिए सभी सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लाइका घर में ब'चों द्वारा की जा रही शैक्षणिक, रचनात्मक एवं खेल-आधारित गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने ब'चों से आत्मीय संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा स्वास्थ्य परीक्षण, पौष्टिक भोजन, नाश्ता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि बाल्यावस्था में गुणवत्तापूर्ण देखभाल एवं सीखने का वातावरण ब'चों के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है।इसके पश्चात उन्होंने परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर शिक्षण सामग्री, खेल सामग्री एवं अन्य संसाधनों का अवलोकन किया।

### पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती, 7 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 27 जून।** जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा जारी विज्ञाप्ति अनुसार जिले में संचालित पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से रिक्त सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षक (प्राथमिक एवं माध्यमिक) की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए पात्र एवं योग्य स्थानीय अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा दंतेवाड़ा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले के विभिन्न पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रभावित न हो और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक योग्यता पूर्ण करने की स्थिति में अपने निकटस्थ अथवा इच्छित पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

### विधायक ललित चंद्राकर ने कहा - महिला सशक्तिकरण से ही बनेगा सशक्त भारत, भाजपा की असली ताकत है नारी शक्ति

# अंजोरा मंडल महिला मोर्चा का परिचयात्मक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 27 जून।** भारतीय जनता पार्टी अंजोरा मंडल द्वारा नवनियुक्त महिला मोर्चा कार्यकारिणीद्व का परिचयात्मक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आज ग्राम नगपुरा स्थित रेस्ट हाउस में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक *श्री ललित चंद्राकर जी* मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति चंद्राकर ने अंजोरा मंडल की नवनियुक्त टीम का परिचय कराया एवं सभी का स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसकी रीढ़ हमारी मातृशक्ति है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ , उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना से लेकर लखपति दीदी तक, हर योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अंजोरा मंडल की नवनियुक्त महिला मोर्चा टीम प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत 2047% के संकल्प को धरातल पर साकार करेगी। आप सभी बहनें केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठी माता-बहनों तक पहुंचाने का कार्य करें। नारी शक्ति का संगठन में सक्रिय योगदान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करेगा। चंद्राकर ने आगे कहा कि द्व÷डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये की सम्मान राशि मिल रही है। महिला मोर्चा की जिम्मेदारी है कि एक भी पात्र बहन योजना से वंचित न रहे।÷द्व उन्होंने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। अंजोरा मंडल अध्यक्ष श्री हेमंत सिन्हा ने कहा कि महिला मोर्चा के गठन से मंडल संगठन को नई ऊर्जा मिली है और आगामी सभी कार्यक्रमों में महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति चंद्राकर, जिला महामंत्री श्रीमती ममता राव, जिला मंत्री गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मंडल महामंत्री श्रीमती यामिनी हरमुख, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सभापति सुश्री प्रिया साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती रामकली साहू, मंडल महामंत्री श्रीमती भू भारती, श्रीमती बीणा महतेल, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती शिव कुमारी वैष्णव, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती भाना बाई ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री विनोद साहू, मंडल उपाध्यक्ष नंदू निर्मलकर, मंडल मंत्री श्री झमनेस देशमुख, श्रीमती दिव्या साहू सहित अंजोरा मंडल के सैकड़ों ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## निधन

### सुशीला देवी सोनी



**भिलाई, 27 जून।** वैशालीनगर गोल मार्केट निवासी श्रीमती सुशीला देवी सोनी का 98 वर्ष की उम्र में गत रात्रि दुखद निधन हो गया। वे प्रदीप ज्वेलर्स के संचालक मांगीलाल सोनी एवं प्रदीप सोनी की माताश्री तथा हर्ष सोनी एवं शुभम सोनी की दादी थीं। आज शनिवार को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## एक नजर

### एआई के नोवा 2 प्रो और नोवा 2 नियो की बिक्री शुरू

**रायपुर 27 जून।** एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी नई नोवा 2 सीरीज़ के तहत लॉन्च किए गए नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 नियो 5जी की बिक्री शुरू कर दी है। दोनों स्मार्टफोन 26 जून को दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। कंपनी का कहना है कि इन डिवाइसों को पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों से लेकर बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स चाहने वाले यूजर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नोवा 2 नियो की शुरुआती कीमत 12,999 रुपये और नोवा 2 प्रो की शुरुआती कीमत 14,999 रुपये (1,000 रुपये के बैंक ऑफर सहित) रखी गई है। नोवा 2 नियो में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 प्रोसेसर, 120Hz डिस्प्ले, 48MP एआई कैमरा और 6000mAh बैटरी दी गई है। वहीं, नोवा 2 प्रो में डाइमेंसिटी 7100 चिपसेट, 144Hz FHD+ डिस्प्ले, 48MP मुख्य कैमरा, 13MP फ्रंट कैमरा, 33W फास्ट चार्जिंग और 6000mAh बैटरी जैसे फीचर्स मिलते हैं। कंपनी के अनुसार, दोनों स्मार्टफोन बेहतर परफॉर्मेंस, यूजर प्राइवेसी और आधुनिक तकनीक के साथ किफायती कीमत में प्रीमियम अनुभव देने के लिए तैयार किए गए हैं।

### मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया



**सिमगा 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर में शुक्रवार को मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मजलिसों का आयोजन किया गया, जहाँ इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुर्बानी को याद किया गया। श्रद्धालुओं ने ताज़ियों के जुलूस में भाग लिया और शांति, इंसाफ तथा मानवता का संदेश दिया। जुलूस के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कई सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की। मुहर्रम के अवसर पर विभिन्न धर्मों के लोगों ने भी आपसी भाईचारे और सद्भाव का परिचय दिया। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से शांति बनाए रखने और एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की अपील की।मुहर्रम का पर्व त्याग, सत्य, न्याय और मानवता के आदर्शों की याद दिलाता है तथा समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देता है।

### पदुमलाल बख्शी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव स्थानीय शासकीय पदुमलाल पुन्ना लाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला में 27जून शनिवार को दोपहर 11 बजे माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी के मुख्य अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव एवं सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत सायकल वितरण समारोह एवं शाला गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा साथ ही प्लेनेटोरियम एवं स्पेस लैब का भी उद्घाटन किया जायेगा इस अवसर पर कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव परयाटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे इस अवसर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन पार्षद श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा समिति के सदस्य गण राजेश यादव लोमश साहू चेतन यादव धरम ऊके दीलीप देवांगन प्रकाश आहुजा गिरीजा साहू गीता मारिया ने समस्त मुहल्ले वासी एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक लोगों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपिल की है मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी एवं अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे

### जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 28, 29 एवं 30 जून को

**राजनांदगांव 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के संबंध में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पल्स पोलियो अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 28, 29 एवं 30 जून 2026 को जिले के 0-5 वर्ष तक के कुल 111770 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलायी जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ के माध्यम से पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलायी जायेगी तथा 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को शत-प्रतिशत दवा पिलायी जाएगी। पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिले में कुल 447 बूथ बनाए गए है। 89 सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई गई है। कुल 894 टीम का गठन किया गया है। 1788 बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा।

# स्वस्थ जीवनशैली और समय पर सीपीआर से बचाई जा सकती हैं अनमोल जिंदगियां

- अटल स्मृति मेडिकल कॉलेज की पहल, 200 विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरूकता और सीपीआर का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 जून।** स्वस्थ समाज के निर्माण और आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को जीवनरक्षक तकनीकों से प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, राजनांदगांव द्वारा गुरुवार को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) के सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं मूलभूत जीवनरक्षक सहायता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली और मूलभूत जीवनरक्षक सहायता (बीएलएस) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर ने जीवनशैली में परिवर्तन का महत्व, नींद एवं योग की भूमिका विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बन रही है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण नींद, संतुलित आहार, नियमित योगाभ्यास और सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त एवं अनुशासित जीवन अपनाने का भी आह्वान किया। इसके पश्चात चिकित्सा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रकाश खुंटे ने मूलभूत जीवनरक्षक सहायता (बीएलएस) प्रशिक्षण विषय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। उन्होंने बताया कि हृदयाघात, दुर्घटना या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि सही समय पर सही तकनीक से हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) और प्राथमिक उपचार दिया जाए तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने प्रतिभागियों को हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) देने की सही प्रक्रिया, सांस रुकने की स्थिति में प्राथमिक सहायता, बेहोश व्यक्ति की देखभाल तथा आपातकालीन परिस्थितियों में घबराने के बजाय त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास भी किया।कार्यक्रम में पुलिस विभाग की प्रशिक्षण टीम की विशेष भूमिका रही। टीम के सदस्यों ने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय, प्राथमिक उपचार, हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) तथा अन्य जीवनरक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर डीएसपी श्री बी.एस. भदौरिया, उपनिरीक्षक श्री जाकिर अली, प्रधान आरक्षक श्री कौशल प्रसाद पटेल, आरक्षक श्री रंजीत द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक श्री इन्द्रावन यादव, परिचारिका श्रीमती शोभा गाभिये सहित पुलिस प्रशिक्षण टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। टीम ने प्रशिक्षण को अत्यंत रोचक एवं व्यावहारिक बनाते हुए विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली जीवनरक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अजय कुमार, डॉ. आदान भाटिया एवं अनिमेष श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, राजनांदगांव के शिक्षकगण तथा लगभग 200 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता एवं जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में प्रत्येक नागरिक को मूलभूत जीवनरक्षक सहायता (बीएलएस) और हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) जैसी तकनीकों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्राथमिक उपचार एवं हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) जैसी मूलभूत जीवनरक्षक तकनीकों से परिचित हो जाए तो आपातकालीन परिस्थितियों में अनेक अनमोल जिंदगियों को समय रहते बचाया जा सकता है। यही संदेश इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया।

# डोंगरगढ़ के वनांचल ग्राम कोठीटोला में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 27 जून।** डोंगरगढ़ विकास खंड के वनांचल ग्राम कोठीटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 25 जून 2026 को विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।

जनांदगांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनोज कांडे जी अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा मंडल ,लाल बहादुर नगर,श्री रामलाल टांडेकर सरपंच ग्राम पंचायत कोठीटोला,श्री सुनील कुमार सरपंच ग्राम पंचायत कारूटोला,सरपंच सीता गोटा ने की तथा इनकी गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा अतिथि अभिनंदन के साथ हुआ। शालेय छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

स्वागत उद्बोधन एवं वार्षिक प्रतिवेदन श्री श्रीनिवास मिश्रा जी विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ शासन? द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे...निः शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण, सरस्वती सायकल योजना, मध्याह्न भोजन योजना, छात्रवृत्ति योजना , महतारी दुलार योजना सहित संचालित अन्य सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं वर्तमान तथा आगामी सत्र के बेहतर क्रियान्वयन विषयक प्रभावी कार्य योजना का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण साहू द्वारा अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ शासन के जन कल्याणकारी महती योजनाओं का लाभ शत् प्रतिशत बच्चों को मिले तथा सभी बच्चों को एक निश्चित लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत कर बेहतर शिक्षा अर्जन कर आगे बढ़ने प्रेरित किया गया ,साथ ही उनके द्वारा उच्चतर माध्यमिक शाला के कक्षों में टाइल्स लगाने की घोषणा की गई।

अतिथि श्रीमती अनिता मंडावी जी द्वारा अपने उद्बोधन में उक्त कार्यक्रम के आयोजन को शहरी परिवेश से विरल वनांचल क्षेत्र एवं परिवेश में करना वनांचल क्षेत्र के बच्चों को अवश्य प्रोत्साहित करेगी तथा उनके द्वारा वनांचल क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन के लिए विशेष तौर पर प्रसन्नता व्यक्त की गई ,साथ ही अतिथि मनोज कांडे जी सहित सभी अतिथियों द्वारा भी अपने उद्बोधन में शिक्षकों द्वारा शत् प्रतिशत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर,मुंह मीठा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया तथा उनके करकमलों से निः शुल्क गणवेश,निः शुल्क पाठ्य पुस्तक ,निः शुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया गया ,साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा अतिथियों के कर कमलों से कक्षा 10 वीं 12 वीं के टापर बच्चों,नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों तथा एन एम एम एस ई में चयनित सभी प्रतिभावान बच्चों को प्रतीक चिह्न भेंटकर प्रतिभा सम्मान किया गया, कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधे भी रोपित किए गए। उक्त कार्यक्रम में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती वीरेन्द्र कौर मांगट,प्राचार्य श्री अजय सिंह, संकुल समन्वयकगण,प्रधान पाठकों , शिक्षकों तथा स्थानीय...क्षेत्रीय पालकों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## सिमगा में माहेश्वरी समाज ने हर्षोल्लास से मनाया महेश नवमी महोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 27 जून।** माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन अवसर पर सिमगा नगर में श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकता के साथ महेश नवमी महोत्सव मनाया गया। महेश नवमी को माहेश्वरी समाज अपनी वंशोत्पत्ति का दिवस मानता है और इस अवसर पर भगवान महेश (भगवान शिव) एवं माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश एवं माता पार्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों ने समाज की गौरवशाली परंपराओं, संस्कृति, संगठन एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा समाज के बच्चों एवं युवाओं द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के सदस्य सुनील माहेश्वरी ने कहा कि महेश नवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज की एकता, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। हमें अपनी नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना चाहिए तथा शिक्षा, सेवा और संगठन की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में समाज की सुख-समृद्धि, राष्ट्र के विकास एवं विश्व कल्याण की कामना करते हुए सभी ने एक-दूसरे को महेश नवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती शकुन माहेश्वरी, त्रिलोक माहेश्वरी, सुधा माहेश्वरी, सुनील माहेश्वरी, संदीप माहेश्वरी, भूपेंद्र राठी, संगीता माहेश्वरी, मोनल माहेश्वरी, स्वपनिल माहेश्वरी, शिवम माहेश्वरी, साक्षी माहेश्वरी, अक्षरा माहेश्वरी, सृष्टि माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

# गुणात्माक शिक्षा व बेहतर व्यवस्था की दिशा में जिला प्रशासन की सार्थक पहल

- डीएमएफ से 474 शिक्षक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था
- एकल शिक्षकीय स्कूलों को मिलेंगे शिक्षक,बच्चों की बढ़ेगी उपस्थिति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,27 जून।** जिले के स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा एवं बेहतर व्यवस्था हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मिशन उत्कर्ष के तहत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 464 अंशकालीन शिक्षकों एवं 10 विकासखंड कंप्यूटर ऑपरेटरों की अस्थायी कार्य व्यवस्था किया गया हैं। जिला प्रशासन की इस सार्थक कदम से शिक्षा में सुधार के साथ बच्चों में उत्साह का संचार होगा।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों तथा शिक्षा गुणवता में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मिशन उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालित इस अभियान के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा प्रदान करने हेतु विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं।

मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले के 289 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में कुल 464 अंशकालीन शिक्षकों एवं 10 विकासखंड कंप्यूटर ऑपरेटर की अस्थायी कार्य व्यवस्था हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है, जो विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवतापूर्ण शिक्षण प्रदान करेंगे । इनमें से प्राथमिक में 42, माध्यमिक में 145, हाई स्कूल में 75, हायर सेकेंडरी में 202 अंशकालीन शिक्षक अस्थायी अध्यापन कार्य हेतु सम्मिलित हैं। उक्त कार्य संपादन का दायित्व जिले के सभी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौपा गया है। शिक्षा गुणवत्ता पर सतत अनुश्रवण एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने हेतु शिक्षकों की प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी का गठन किया गया है। पीएलसी में विभिन्न विषयों के कुल 134 विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हैं जो जिले के विभिन्न शासकीय वि?द्यालयों के व्याख्याता हैं। पीएलसी का प्रमुख उ?द्देश्य विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करना, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाना, शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करना तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करना है। मिशन उत्कर्ष के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत अनुश्रवण , प्रगति की नियमित समीक्षा एवं निर्धारित समय सीमा में कार्यों के सफल निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर मोनिटरिंग सेल का भी गठन किया गया है।

### एकमुश्त जलकर निपटान योजना का लाभ लेने नगरनिगम की अपील

**रायपुर 27 जून।** रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र के रहवासी नागरिकों से विनम्र अपील की गयी है कि रायपुर शहर की जलप्रदाय प्रणाली को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए 'एकमुश्त जलकर निपटान योजना' लागू की गई है यदि नगर निगम क्षेत्र के किसी भी रहवासी नागरिक के पास कोई ऐसा नल कनेक्शन है, जो रायपुर नगर निगम के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, तो उसे वैध कराने का यह एक सुनहरा और अंतिम अवसर है. रायपुर नगर पालिक निगम ने अपील की है कि भविष्य में किसी भी अप्रिय दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए इस योजना का तुरंत लाभ उठाएं सम्बंधित रहवासी अपना आवेदन अपने नजदीकी जोन कार्यालय में 15 जुलाई से 15 अक्टूबर तक दे सकते हैं। आवासीय एवं व्यवसायिक कनेक्शन को वैध कराने के लिए 15,882 की राशि निर्धारित है, जिसका योजना के तहत पूरी राशि का भुगतान एक साथ (सिंगल इनस्टॉमेंट ) में करना अनिवार्य है।

## अल-नीनो के संभावित प्रभाव को देखते हुए किसानों के लिए विशेष कृषि सलाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 जून।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि एल-नीनो एक वैश्विक जलवायु घटना है, जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य एवं पूर्वी भाग के समुद्री जल का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। इसके प्रभाव से भारत में मानसून कमजोर पड़ सकता है, वर्षा में कमी या असमान वितरण हो सकता है तथा सूखे जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इसी संभावना को ध्यान में रखते हुए किसानों को अग्रिम तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा वर्ष 2026 के खरीफ मौसम में संभावित एल-नीनो प्रभाव को देखते हुए किसानों के लिए विशेष कृषि परामर्श एवं आकस्मिक कार्ययोजना जारी की गई है। इसमें मानसून के आगमन में विलंब, कम वर्षा तथा लंबे शुष्क अंतराल (ड्राई स्पेल) की संभावना को ध्यान में रखते हुए किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई है। कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं किस्मों का चयन करें। धान की रोपा पद्धति के स्थान पर सीधी बुवाई (डीएसआर) को प्राथमिकता दें।

खेतों में मजबूत मेड़बंदी कर वर्षा जल संरक्षण सुनिश्चित करें। उच्च भूमि वाले क्षेत्रों में धान के स्थान पर अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, रामतिल एवं सोयाबीन जैसी वैकल्पिक फसलों को अपनाएं। फसल विविधीकरण द्वारा जोखिम को कम करें। बुवाई से पूर्व बीजों का कार्बेन्डाजिम एवं थायमेथोक्साम व इमिडाक्लोप्रिड से उपचार करें। धान में एजोस्पिरिलम, अन्य फसलों में एजोटोबैक्टर तथा दलहनी फसलों में राइजोबियम जैव उर्वरकों का उपयोग करें। बुवाई के 3 से 5 दिन के भीतर अनुशंसित अंकुरण पूर्व खरपतवारनाशी का प्रयोग करें। यदि 15 जुलाई तक पर्याप्त अंकुरण न हो तो पुनः बुवाई करें तथा सामान्य बीज दर से 10 प्रतिशत अधिक बीज का उपयोग करें। जुलाई के अंत तक मूंग एवं उड़द तथा अगस्त माह में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि की अरहर की बुवाई करें। कतार पद्धति से बुवाई एवं मल्चिंग अपनाकर मिट्टी की नमी संरक्षित रखें। गांवों में नालों पर अस्थायी बांध बनाकर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें। कम वर्षा की स्थिति में नत्रजन उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें। 2 प्रतिशत यूरिया घोल का पर्णीय छिड़काव तथा प्रति एकड़ 2 बोतल नैनो यूरिया का उपयोग करें। दलहनी एवं तिलहनी फसलों में बुवाई के लगभग एक माह बाद 2 प्रतिशत डीएपी घोल का छिड़काव करें।

तालाब, कुएं एवं अन्य जल संरचनाओं में वर्षा जल संग्रहित करें तथा आवश्यकता पडने पर जीवन रक्षक सिंचाई दें। ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाएं। मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि कार्यों की योजना बनाएं तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह का पालन करें। किसान समय रहते उचित तैयारी, जल संरक्षण तथा वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर एल-नीनो के संभावित प्रतिकूल प्रभावों को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

# नवीन कानून, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत आज दिनांक 26.06.2026 को थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम वटगन में एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को देश में लागू नवीन कानूनों, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।



नवीन कानूनों और अधिकारों की दी गई विस्तृत जानकारी- कार्यक्रम में उपस्थित थाना पलारी के पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को नए कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। पुलिस ने बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना और उनकी सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। इसके साथ ही, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और पीड़ित महिलाओं के अधिकारों व सहायता प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर ठगी से बचने के सिखाए गुर- आज के डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड को देखते हुए पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति विशेष रूप से सचेत किया। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरण या यूपीआई पिन साझा न करें। लॉटरी, फर्जी लोन ऐप और संदिग्ध लिंक्स से दूर रहने की सलाह देते हुए पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति- इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में ग्राम वटगन के सरपंच श्री बाबूलाल बंजारे, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और अपनी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपीलः- ÷सुरक्षित समाज के निर्माण में सजगता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना/चौकी या डायल 112 पर दें। पुलिस हर समय आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है।

# रोजगार,स्वरोजगार भी अच्छी सरकार का पैमाना

किसी भी अच्छी सरकार के लिए जो पैमाना होता है, उसमें कई बातों के अलावा इस बात पर खास जोर दिया जाता है कि उसने रोजगार व स्वरोजगार के लिए क्या किया। बेरोजगारी किसी राज्य व देश में आजादी के बाद से गंभीर समस्या रही है कि क्योंकि हमारे यहां जनसंख्या बहुत ज्यादा है और सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उससे कम रहते है, इससे देश हो या कोई राज्य हो,वहां रोजगार की समस्या तो रहती ही है। इसलिए हर राज्य की सरकार को अच्छी सरकार की कसौटी पर कसने के लिए यह जरूर देखा जाता है कि सरकार ने रोजगार व स्वरोजगार के लिए क्या कुछ किया है।रोजगार व स्वरोजगार ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते हैं तो इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत होना जरूरी होता है।यही वजह है साय सरकार ने भी अन्य सरकारों की तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए रोजगार व स्वरोजगार को बढ़ावा देने का फैसला किया है ताकि यहां के लोगों की आय बढ़े,उनका जीवनस्तर ऊंचा हो,राज्य विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग कर सके। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए साय सरकार ने तीन फैसले किए हैं।कैबिनेट की बैठक में फैसला किया गया है कि ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य को हर साल १२५ दिन काम वीजी जीरामजी योजना के तहत निश्चित रूप से दिया जाएगा,इसके अलावा गांवों में अटल आजीविका समृध्दि हाट स्थापित किए जाएंगे।नई कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) नीति-२०२६ को मंजूरी दी गई है।कोई भी योजना जब केंद्र व राज्य के सहयोग चलाई जाती है तो और दोनों जगह एक ही दल की सरकार को हो योजना के सफल होने के ज्यादा मौके रहते है क्योंकि इससे दोनों एक दूसरे का सहयोग करते हैं इससे दोनों को लाभ होता है और जनता को भी इसका फायदा होता है।विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीजी जीरामजी योजना में राज्य के पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में १२५ दिन अकुशल श्रम आधारित रोजगार मुहैया कराया जाएगा। इसमें राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई गई है इससे फायदा यह होगा कि राज्य सरकार इस योजना के सफल क्रियान्वयन की और पहले से ज्यादा ध्यान देगी। पहले पूरा पैसा केंद्र को होने के कारण राज्य सरकारे इस योजना का लाभ लोगों तक पहुंचान ज्यादा ध्यान नहीं देती थी। अब राज्य का खुद का पैसा लगेगा तो राज्य इस पर गंभीरता से अमल हो इस ओर पूरा ध्यान देगा तो लोगों को ज्यादा लाभ मिलेगा। पहले पैसे के केंद्र से आने का इंतजार किया जाता था, अब पैसे का प्रावधान राज्य के बजट में होने से पैसे का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।पैसे से संबंधित जो दिक्कतें पहले होती थी अब नहीं होंगी।राज्य सरकार ने बजट में इसके लिए ४हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यानी जीरामजी योजना के तहत चार हजार करोड़ के रुपए के काम कराए जाएंगे,इसमें जल सरंक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन,ग्रामीण आधारभूत ढांचे का निर्माण और आजीविका परिसंपत्तियों के जुड़े विकास कार्य कराए जाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका कई तरह से लाभ मिलेगा। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए कई तरह के कारोबार की जरूरत होती है और कारोबार की सफलता के लिए एक बाजार का होना भी जरूरी होता है किसी क्षेत्र में कई तरह के कारोबार रहने से कारोबार नहीं बढ़ता है,कारोबार को बढ़ावा देने के लिए बाजार भी जरूरी होता है।बाजार होने से कारोबार बढ़ता है, खरीदार खरीदारी के लिए आते हैं। साय सरकार की अटल हाट से क्षेत्र का कारोबार बढ़ेगा।ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादन,प्रसंस्करण,विपणन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अटल आजीविका समृद्दि योजना शुरू करेगी.इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में हथकरघा,बुनाई,सिलाई,हस्तशिल्प,जैसे सृजन केंद्र,दलहन-तिलहन प्रसंस्करण इकइयां,कोल्ड स्टोरेज व अटल डिजिटल केंद्र स्थापित किए जाएँगे। वहीं नई कंप्रेस्ट बायोगैस नीति-२६ से कृषि अवशेष,नगरीय ठोस अपशिष्ट,पशुधन अपशिष्ट व अन्य जैविक संसाधनों का उपयोग कर स्वच्छ ईंधन का उत्पादन किया जाएगा।इससे अपशिष्ट प्रबंधन सुधरेगा व ग्रीम हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे कई तरह की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से तीन समस्याएं ऐसी रही हैं जिनके समाधान की जरूरत थी और कई राज्य सरकारों के प्रयास के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था।.यह तीन पुरानी समस्याएं हैं गांवों से लोगों का रोजगार के लिए पलायन,उत्पादों की कम कीमत मिलना,कृषि अवशेष के निस्तारण नहीं होना।साय सरकार की नई नीति से लोगों को रोजगार मिलेगा,इससे आय बढ़ेगी, लोगों का पलायन नहीं होगा।ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादकों के सामने अपने उत्पादन के भंडारण की समस्या होती थी, इससे उनको कम दाम पर अपना सामान बेचना पड़ता था, भंडारण व कोल्डस्टोरेज की व्यवस्था होने लोगों को उत्पादों का ज्यादा दाम मिलेगा। जहां तक बायो गैस उत्पादन का सवाल है तो ईरान अमरीका युध्द के दौरान ऊर्जा के दूसरे विकल्पों की जरूरत महसूस हुई और बायोगैस बनने गांवों में कम से कम ऊर्जा संकट के समय ऊर्जा की कमी तो नहीं होगी। इससे एलपीजी खपत में कमी आएगी।फिर कभी ऊर्जा संकट आया तो राज्य उसके लिए तैयार रहेगा और राज्य पर उस संकट का असर कम होगा।साय सरकार के प्रयासों राज्य को विकसित राज्य बनाने में सफलता मिलेगी और राज्य सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने मे मोदी सरकार का पूरा सहयोग कर सकेगी।

विश्लेषण

# युद्ध-प्रेमी और जनसंहारी इज़राइल पर लगाम ज़रूरी

**तनवीर जाफ़री**



अमेरिका -ईरान के मध्य फ़िलहाल युद्धविराम हो चुका है। घोर अविश्वास के बीच हुआ यह युद्ध विराम कब तक चलेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। परन्तु ईमानदाराना युद्ध विराम लागू होने की स्थिति में हारमूज़ स्ट्रेट जलमार्ग के खुलने से पूरे विश्व पर मंडराने वाले संकट के बादल छंटने से पूरी दुनिया ज़रूर राहत की सांस लेगी। हाँ यदि कोई एक देश इस युद्ध विराम व शांति से ख़ुश नहीं है वह है इकलौता देश इस्राईल। इस्राईल विगत लगभग 50 वर्षों से फ़िलिस्तीन व लेबनान क्षेत्र में रक्तपात करता आ रहा है। अब तक लाखों बेगुनाह लोगों की हत्यायें कर चुका इस्राईल मात्र अपनी सीमाओं के विस्तार के लिये रक्तपात करता आ रहा है। निश्चित रूप से इस्राईल की इस आक्रामकता के पीछे शुरू से ही अमेरिका व अन्य कई पश्चिमी देशों का संरक्षण मुख्य कारण रहा है। परन्तु अब अमेरिका भी इस्राइल विशेषकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अनियंत्रित आक्रामकता से तंग आ चुका है। ग़ज़ा नरसंहार के चलते अंतर्राष्ट्रीय अदालत के वारंट का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नेतन्याहू अब अपने 'संरक्षक ' अमेरिका से भी आये दिन झिड़कियां खा रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि केवल अमेरिका की सरपरस्ती के चलते परन्तु अमेरिका की इच्छा के विपरीत इस्राइल अनेक बार लेबनान व ग़ज़ा में युद्ध विराम का उललंघन करता आ रहा है। इसकी वजह से कई बार शांति की संभावनाओं को पलीता लग चुका है। अमेरिका के राजनैतिक हल्क़ों में इस बात की भी चर्चा ज़ोरों पर है कि नेतन्याहू ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उकसा व भड़काकर तथा ग़लत जानकारियां देकर ईरान के साथ युद्ध में झोंक दिया। जिसके परिणामस्वरूप न केवल अमेरिका में इसका भारी विरोध हुआ बल्कि कई उच्चाधिकारी यही कहते हुये इस्तीफ़ा भी दे गये कि वे अमेरिकी हितों की रक्षा के लिये तो युद्ध कर सकते हैं परन्तु इस्राइली हितों के लिये हरगिज़ नहीं।

यही वजह है कि अब राष्ट्रपति ट्रंप भी अब इंसानी ख़ून के प्यासे नेतन्याहू की शातिराना चालबाज़ियों को देर से ही सही, परन्तु भांप चुके हैं। पिछले दिनों अमेरिका -इस्राईल बनाम ईरान युद्ध में उलझ चुका अमेरिका जब जब इस युद्ध से बाहर निकलने की कोशिश करता है , तब तब इस्राईल कभी युद्ध विराम का उल्लंघन व अवहेलना कर तो कभी युद्ध विराम को अस्वीकार कर विश्वशांति को धक्का पहुँचाता रहा है। हद तो यह है कि अमेरिका-ईरान के मध्य होने वाली शांति वार्ताओं से ठीक पहले या उसी दौरान इस्राइल द्वारा क़तर की राजधानी दोहा में हमास के वार्ताकारों के दल को निशाना बनाकर हवाई हमला किया गया। इस हमले में हमास के वार्ताकारों के 6 सदस्य मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने इस हमले की निंदा करते हुये इसे क़तर की सम्प्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का खुला उल्लंघन क़रार दिया था।




और अब इस्राइली युद्धोन्माद इस हद तक पहुँच चुका है कि दुनिया में सबसे अधिक युद्धरत रहने वाला अमेरिका भी इस्राइली आक्रामकता पूर्ण रवैये से तंग आकर नेतन्याहू व इस्राईली आक्रामकता के पक्षधर कट्टरपंथी नेतृत्व को न केवल आइना दिखने लगा है बल्कि उसके लिये ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल कर रहा है जोकि किसी भी स्वाभिमानी प्रधानमंत्री व उस के देश के लिये शर्म की बात है। इन कड़वे व तल्ख़ बयानों के आधार पर कहा जा सकता है कि 2026 में अमेरिका- इस्राईल रिश्ते न केवल ठन्डे पड़ रहे हैं बल्कि दोनों देशों के संबंध इस वक़्त के सबसे ख़राब दौर से भी गुज़र रहे हैं । उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों G-7 समिट के मंच से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू को "क्रेज़ी" कहा और दावा किया- "मेरे बिना इस्राईल का अस्तित्व नहीं होता" । ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा – "तुम पागल हो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते"। इसी तरह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गत 18 जून को ईरान-अमेरिका MoU साइन होने के बाद नेतन्याहू व इस्राईल को संबोधित करते हुये कहा कि "पूरी दुनिया में अमेरिका तुम्हारा इकलौता दोस्त बचा है, तुम उसी के ख़िलाफ़ खड़े हो"? वेंस का यह बयान ईरान-अमेरिका डील होने के बावजूद इस्राईल द्वारा लेबनान पर किये गये हमले के सन्दर्भ में था जिससे ईरान-अमेरिका डील पर असर पड़ा था और हारमूज़ स्ट्रेट खुलने के बाद ईरान द्वारा इसे पुनः बंद करने की घोषणा कर दी गयी थी। अब 20 जून को पुनः ईरान के ख़ातम अल-अंबिया मुख्यालय ने घोषणा की है कि होर्मुज़ स्ट्रेट को जहाज़ों के लिए 'बंद' किया जा रहा है। इस घोषणा के पीछे भी दक्षिणी लेबनान में इस्राईल की ओर से 'लगातार युद्धविराम का उल्लंघन' और लेबनान के 'लोगों का क्रूर जनसंहार और विस्थापन' को कारण बताया गया है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल के कुछ कट्टरपंथी मंत्रियों ने अमेरिका-ईरान के बीच हुये MoU (संयुक्त समझौता) का खुलकर विरोध किया है और कट्टरपंथियों का नेतृत्व करने वाले नेतन्याहू भी इस समझौते से क़तई ख़ुश नहीं हैं ।

इसी बीच नेतन्याहू के लिये एक बार फिर बुरी ख़बर आ रही है। उनपर उनके अपने ही देश में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जेल जाने के तो आसार नज़र आ ही रहे हैं साथ ही पांच नॉर्डिक देशों, डेनमार्क, फ़िनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन ने भी संकेत दिया है कि उन्हें इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य के तौर पर नेतन्याहू के विरुद्ध जारी ICC के अरेस्ट वारंट पर कार्रवाई करनी होगी। ICC ने नवंबर 2024 में ग़ज़ा संघर्ष से जुड़े कथित युद्ध अपराधों और मानवता के ख़िलाफ़ अपराधों के लिए इस्राईल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए वारंट जारी किए थे। नॉर्वे ने तो साफ़ तौर पर कहा है कि अगर कोई वॉन्टेड व्यक्ति देश में आता है तो उसे अपने क़ानून का पालन करना होगा। परन्तु इन बातों से बेफ़िक्र नज़र आ रहा नेतन्याहू व इस्राइल किस हद तक अनियंत्रित हो गया है कि 1948 में इस्राईल की स्थापना के बाद उसे मान्यता देने वाला पहला देश अमेरिका, जिसके साथ शुरू से ही उसके गहरे रिश्ते रहे,आज वही अमेरिका इस्राइल की आक्रामकता व ग़ैर क़ानूनी सैन्य कार्रवाइयों से इतना दुखी हो गया है कि दोनों देशों के संबंधों में इतिहास में पहली बार कड़वाहट पैदा होती दिखाई दे रही है लिहाज़ा मानवता की रक्षा के लिये किसी भी क़ीमत पर और यथा शीघ्र युद्ध-प्रेमी और जनसंहारी इज़राइल पर लगाम लगाना बेहद ज़रूरी है।

## सू- दोकू क्र.082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

**शब्द सामर्थ्य -082**



## राशिफल

मेष आज दिल की दुनिया आपके लिए मुस्कुराती हुई नजर आ रही है। प्रेम संबंधों में विश्वास और अपनापन पहले से कहीं अधिक गहरा होगा। साथी के साथ बिताए गए छोटे-छोटे पल भी आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएंगे। वहीं व्यापार में कुछ उतार-चढ़ाव मन को बेचैन कर सकते हैं, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है।

वृषभ आज का दिन संतोष, सफलता और सुखद समाचारों की सौगात लेकर आया है। व्यापार में कोई महत्वपूर्ण डील आपके पक्ष में जा सकती है, जिससे आत्मविश्वास नई ऊंचाइयों को छुएगा। आपकी मेहनत आखिरकार रंग लाती दिखाई दे रही है। परिवार का आशीर्वाद आपको किसी बड़े निर्णय, विशेषकर घर या संपत्ति से जुड़े कार्यों में सफलता दिला सकता है।

मिथुन आज आपकी प्रतिभा और रचनात्मकता लोगों को प्रभावित करने वाली है। कार्यक्षेत्र में आपके नए विचार चर्चा का विषय बन सकते हैं। कला, लेखन, संगीत या किसी भी रचनात्मक क्षेत्र में आपकी चमक और बढ़ेगी। घर में किसी अतिथि का आगमन खुशियों का माहौल बनाएगा। हालांकि किसी सहयोगी की कोई बात मन को ठेस पहुंचा सकती है, इसलिए प्रतिक्रिया देने से पहले थोड़ा सोच लें।

कर्क आज मन कुछ सवालों और उलझनों में उलझा रह सकता है। ऐसे में बड़े आर्थिक फैसले जल्दबाजी में लेने से बचें। परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन आपकी समझदारी स्थिति को संभाल सकती है। मां से किया गया कोई वादा पूरा करने का अवसर मिलेगा। सरकारी या लंबे समय से रुके हुए कार्यों में भी प्रगति के संकेत हैं।

सिंह आज ऊर्जा, आत्मविश्वास और जोश आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उनके कार्यों के लिए सराहना और सम्मान मिल सकता है। निवेश के मामलों में भी समय अनुकूल दिखाई दे रहा है। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से मुलाकात आपके दिन को खास बना सकती है।

कन्या आज समझदारी और सतर्कता आपकी ढाल साबित होगी। साझेदारी से जुड़े मामलों में आंख बंद करके भरोसा न करें। कोई पुराना अधूरा कार्य पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में छोटी सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए सावधानी रखें। महत्वपूर्ण दस्तावेजों और कागजातों का विशेष ध्यान रखें।

तुला आज आपके निर्णय आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे। आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं और आप उन्हें पहचानने में सफल रहेंगे। हालांकि धन से जुड़ा कोई मामला थोड़ी चिंता पैदा कर सकता है। कोई पुरानी गलती अचानक सामने आ सकती है, लेकिन उससे सीख लेना ही बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों को विदेश शिक्षा के क्षेत्र में शुभ अवसर मिल सकते हैं। संतान की उपलब्धियां आपके चेहरे पर गर्व की मुस्कान लाएंगी।

वृश्चिक आज सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। घर में धार्मिक या मांगलिक आयोजन का वातावरण बन सकता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। काम की अधिकता आपको थका सकती है, लेकिन परिणाम संतोष देने वाले रहेंगे। निजी बातों को दूसरों के साथ साझा करने से बचें। यदि कोई गलती सामने आती है तो उसे स्वीकार करना ही रिश्तों को मजबूत बनाएगा। विनम्रता आज आपके लिए सबसे बड़ा हथियार साबित होगी।

धनु आज आप उत्साह और सकारात्मकता से भरपूर रहेंगे। प्रेम जीवन में नई शुरुआत या कोई सुखद मोड़ आने की संभावना है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी रहेगा, इसलिए योग और व्यायाम को नजरअंदाज न करें। परिवार के किसी मामले को आप समझदारी से सुलझाने में सफल होंगे। यात्रा के दौरान मिली कोई जानकारी भविष्य में बड़ा लाभ दे सकती है। आज भाग्य भी आपके प्रयासों का साथ देता दिखाई दे रहा है।

मकर आज जिम्मेदारियों को निभाने का दिन है। यदि कोई पुरानी स्वास्थ्य समस्या परेशान कर रही है तो उसे नजरअंदाज न करें। परिवार में सामंजस्य बनाए रखना आपके लिए प्राथमिकता रहेगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य और संयम से आगे बढ़ना जरूरी है। जल्दबाजी में लिया गया कोई निर्णय बाद में पछतावे का कारण बन सकता है। इसलिए आज हर कदम सोच-समझकर उठाएं और समय को अपना काम करने दें।

कुंभ आज समाज में आपकी पहचान और सम्मान बढ़ सकता है। लोगों के बीच आपकी बातों और कार्यों की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर दिखाई दे रही है। प्रेम संबंधों में चली आ रही दूरियां कम हो सकती हैं और रिश्तों में फिर से मिठास लौट सकती है। यदि दिल में किसी के लिए भावनाएं हैं तो उन्हें व्यक्त करने का साहस भी आज मिल सकता है। ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिक गतिविधियां आपको मानसिक शांति प्रदान करेंगी। हालांकि कुछ जरूरी खर्च जेब पर दबाव बना सकते हैं।

मीन आज स्वास्थ्य आपका पूरा साथ देगा और आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव और मजबूत होगा। आप दोनों एक-दूसरे की खूबियों और कमियों को समझते हुए रिश्ते को नई गहराई देंगे। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी या जूनियर की मदद से लंबे समय से अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। भाग्य का सहयोग मिलने से कई मुश्किल कार्य भी आसानी से पूरे होते नजर आएंगे। कुल मिलाकर दिन संतोष, सहयोग और खुशियों से भरा रहने वाला है।

# पासपोर्ट भी नहीं तो फिर क्या? नागरिकता के उलझे तारों में फंसा आम आदमी

**अजय कुमार,**



भारत में नागरिकता को लेकर चल रही हालिया बहस ने एक ऐसी गहरी कानूनी और सामाजिक पहेली को जन्म दिया है, जिसे सुलझाना अब आम नागरिक के लिए अनिवार्य हो गया है। हाल ही में विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा दिवस पर जो स्पष्टीकरण दिया, उसने देश भर के मध्यम वर्ग में खलबली मचा दी है। मंत्रालय ने दो टूक शब्दों में कहा कि पासपोर्ट केवल एक यात्रा दस्तावेज है, नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं। सुनने में यह तकनीकी लगता है, लेकिन इसकी गहराई में उतरने पर पता चलता है कि हमारी पहचान को लेकर जो सुरक्षा का बोध था, वह कितना कच्चा है। आज के दौर में जब हर गली-नुक्कड़ पर घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेजों से नागरिकता हासिल करने की खबरें सुर्खियां बन रही हैं, तब यह सवाल पूछना लाजमी है कि आखिर भारत की नागरिकता का असली आधार क्या है? क्या हम उस सुरक्षा चक्रव्यूह में फंसे हैं, जहाँ कागजों की बाजीगरी किसी को भी भारतीय बना सकती है और किसी को भी बेघर? इस पूरी प्रक्रिया के पीछे का 'नेक्सस' (गठजोड़) बेहद व्यवस्थित और खतरनाक है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के मामले में जो पैटर्न सामने आया है, वह बताता है कि कैसे स्थानीय मदद से पहले आधार कार्ड बनवाया जाता है, फिर उसके आधार पर वोटर आईडी और अंत में पासपोर्ट। हाल के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि केवल 2025 में ही भारत ने करीब 1.39 करोड़ पासपोर्ट जारी किए। इतनी बड़ी संख्या में पासपोर्ट जारी करने वाली मशीनरी के भीतर जब फर्जीवाड़े की गुंजाइश बचती है, तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा को सीधे चुनौती देती है। घुसपैठिये अक्सर स्थानीय बिचौलियों की मदद से उन इलाकों में अपनी जड़ें जमाते हैं जहाँ दस्तावेज बनवाना आसान होता है। एक बार आधार बन गया, तो वह नाम और पते की पहचान बन जाता है। इसी पहचान के दम पर वे वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराते हैं और फिर 'भारत के नागरिक' के रूप में पासपोर्ट के लिए आवेदन कर देते हैं। इस पूरे खेल में पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी कभी-कभी सतही साबित होती है, जिसका फायदा उठाकर ये लोग भारतीय होने का कानूनी मुखौटा पहन लेते हैं। कानूनी रूप से यह स्थिति और भी पेचीदा है। 1955 का नागरिकता कानून स्पष्ट करता है कि नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण या प्राकृतिक तरीके से मिलती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि देश की 99.99 फीसदी आबादी के पास कोई ऐसा 'सिंगल कार्ड' नहीं है जिसे वे 'नागरिकता का प्रमाण पत्र' कह सकें। आधार कार्ड नागरिकता नहीं देता, यह केवल निवास का प्रमाण है, जिसे सुप्रीम कोर्ट से लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट तक ने कई बार दोहराया है। वोटर आईडी भी केवल चुनावी सूची का हिस्सा होने का प्रमाण है। जब विदेश मंत्रालय यह कहता है कि पासपोर्ट नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं है, तो वह केवल कानून का पाठ पढ़ा रहा होता है,



लेकिन एक आम नागरिक के लिए यह बयान उसकी पूरी अस्मिता पर प्रहार जैसा महसूस होता है। इस बहस की कड़ियों को अगर 2019 के सीएए-एनआरसी के दौर से जोड़कर देखें, तो डर स्वाभाविक है। उस समय सरकार ने कहा था कि जन्म की तारीख और जन्म स्थान से जुड़े दस्तावेज जमा करके नागरिकता साबित की जा सकती है, लेकिन कोई तय लिस्ट जारी नहीं की गई थी। अब अगर भविष्य में देशव्यापी एनआरसी लागू होता है, तो वह 'पासपोर्ट धारी' नागरिक भी सकते में है जिसे लगता था कि उसके पास सरकार का ही दिया दस्तावेज है। सच तो यह है कि पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत भी केंद्र सरकार कुछ मामलों में गैर-नागरिकों को भी यात्रा दस्तावेज जारी कर सकती है। यानी, आपके हाथ में मौजूद पासपोर्ट आपकी भारतीयता का दावा तो करता है, लेकिन किसी कानूनी विवाद या एनआरसी जैसी प्रक्रिया के दौरान वह आपको 'अंतिम नागरिक' घोषित करने की गारंटी नहीं देता। यही वह जगह है जहाँ आम आदमी के लिए सबसे बड़ा संकट खड़ा होता है। जब तक आप पर कोई कानूनी आंच नहीं आती, तब तक पासपोर्ट, आधार और वोटर आईडी के साथ आप पूरे भारत में स्वतंत्र घूम सकते हैं। लेकिन, अगर कभी 'कागज दिखाने' की नौबत आई जैसा कि असम में हुआ तो वहां के 19 लाख से अधिक लोगों के आवेदन खारिज हो गए थे। असम एनआरसी की प्रक्रिया ने दिखाया कि कैसे दशकों से रह रहे लोग भी सरकारी फाइलों में 'विदेशी' हो सकते हैं यदि उनके पास 1971 से पहले की लीगेसी (विरासत) के ठोस दस्तावेज न हों। भारत के बाकी हिस्सों में स्थिति थोड़ी अलग है, लेकिन कानूनी ढांचा वही है। यदि पासपोर्ट को ही अंतिम प्रमाण नहीं माना जा रहा, तो वह साधारण गरीब व्यक्ति क्या करेगा जिसके पास स्कूल का सर्टिफिकेट नहीं है, जिसके पास पैतृक जमीन के पुराने रिकॉर्ड नहीं हैं, और जो केवल एक सामान्य पासपोर्ट या आधार के सहारे अपना जीवन बिता रहा है? यह विवाद केवल कागजों का नहीं है, यह उस भरोसे का है जो एक नागरिक का अपनी सरकार के साथ होता है। विपक्षी दल इसे राजनीति से जोड़ रहे हैं, जबकि सरकार इसे कानूनी प्रक्रिया बता रही है। लेकिन इस बहस के बीच में जो 'सच्चाई' दबी हुई है, वह यह है कि भारत में नागरिकता 'अधिकार' से ज्यादा 'सिद्ध करने की जिम्मेदारी' बन गई है। फॉरेनर्स एक्ट 1946 की धारा 9 के तहत सबूत पेश करने का जिम्मा नागरिक का है, राज्य का नहीं। यानी, राज्य कभी भी आपसे आपकी नागरिकता मांग सकता है, और उस दिन पासपोर्ट या आधार केवल मददगार साबित हो सकते हैं, निर्णायक नहीं। अंततः, नागरिकता का असली प्रमाण तो वही 'जन्म की श्रंखला' है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक दौर की भीड़भाड़ और फर्जीवाड़े के बीच, सरकार का यह स्पष्टीकरण एक चेतावनी भी है अपने पुराने दस्तावेजों को सहेज कर रखें। सिर्फ एक कार्ड के भरोसे न रहें। जिस तरह घुसपैठिये नेक्सस का इस्तेमाल कर सिस्टम में घुस रहे हैं, उससे निपटने के लिए सरकार भले ही कड़े नियम बनाए, लेकिन उस चक्कर में आम नागरिक को एक ऐसी अंतहीन कागजी दौड़ में नहीं धकेला जाना चाहिए जिसका कोई अंत न हो। पासपोर्ट आपकी राष्ट्रीयता की पहचान है, और इसे और अधिक मजबूत व सुरक्षित बनाना विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी है ताकि फर्जी पासपोर्ट के आधार पर कोई भी इस देश का नागरिक न बन सके। आखिर में, भारतीयता सिर्फ कागजों की मोहताज नहीं है, पर इस डिजिटल युग में कागज ही आपकी पहचान की नींव हैं। इस नींव को मजबूत रखना, आज हर भारतीय की अपनी सुरक्षा के लिए पहली शर्त बन गई है।

**एक नजर**

## नक्सलमुक्त बस्तर के चहुंमुखी विकास के लिए विजय शर्मा ने समाज प्रमुखों से मांगा सहयोग

**कांकेर, 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री विजय शर्मा आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक लेकर बस्तर के नक्सल उन्मूलन के बाद चहुंमुखी विकास, सामाजिक एकता तथा आदिवासियों की पारंपरिक संस्कृति और विरासत को सहेजने, संरक्षित करने पर चर्चा की तथा जिले में पेसा एक्ट का समुचित क्रियान्वयन और पारंपरिक देव स्थलों को संरक्षित करने जैसे विषयों पर द्विपक्षीय सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान समाज प्रमुखों ने भी बारी-बारी से सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में समाज प्रमुखों से कहा कि किसी समाज की परंपरा और सांस्कृतिक धरोहरों व पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। किसी बड़े लक्ष्य की सफलता समाज के सहयोग से ही संभव होती है और बस्तर में नक्सल उन्मूलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की मुख्यधारा से टूट कर हिंसा का मार्ग अपनाने वाले युवाओं को वापस मुख्यधारा में लेकर आने में समाज प्रमुखों ने सराहनीय कार्य किया, जिसमें सुरक्षा बलों और जवानों का सतत् सहयोग मिला, जिसके फलस्वरूप आज बस्तर का लाल आतंक से मुक्त होना संभव हुआ। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आज वर्षों से बंद मेला-मड़ई, बाजार, हाट अब आबाद होने लगे हैं। पहले जहां रिश्तेदार भी घर आने में डरते थे वे भी बेखौफआने जाने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने सालों के बाद भी वे पहली बार (नक्सलवाद से) आजाद होने का अनुभव कर रहे हैं।

## आँवराभाटा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**दंतेवाड़ा, 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के विकासखंड दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम हाई स्कूल, आँवराभाटा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रमेश गावड़े, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्री कैलाश गुप्त मिश्र, जनपद पंचायत सदस्य श्री रामू राम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन की सफलता की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तकें, गणवेश वितरित किए गए। और जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके नए शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा, 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरुद्ध व्यापक जनमत तैयार करना तथा युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर रेडियो एवं दूरदर्शन के माध्यम से नशा मुक्ति संबंधी संदेशों एवं कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। साथ ही नशा प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर उन्हें नशापान से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों की जानकारी दी गई तथा नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष रूप से नशा एवं एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैलियों, पोस्टर, बैनर एवं पाम्पलेट वितरण के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

# मुख्यमंत्री की मंशा पर पलीता लगा रहा पीएमजीएसवाई विभाग

- 1076 में प्राप्त शिकायतों पर न जमीनी जांच, न समाधान, ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज हो रहा निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 27 जून।** मुख्यमंत्री शिकायत नम्बर 1076 में दर्ज शिकायतों के निराकरण को लेकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि विभाग द्वारा शिकायतों का वास्तविक समाधान करने के बजाय केवल ऑनलाइन पोर्टल में निराकृत दर्ज कर औपचारिकता पूरी की जा रही है।

शिकायतकर्ता एरन्ना अन्मुल ने आरोप लगाते हुए कहा कि टी 02 से दामारम सड़क निर्माण कार्य 2.50 स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें 2.50 किमी मिट्टी और 1.50 किमी मुरुम कार्य पूर्ण करने के 8 माह बीत जाने के बावजूद भी भुगतान प्रदाय नहीं किया गया। जिससे क्षुब्ध होकर सीएम शिकायत नम्बर 1076 पर भुगतान दिलाने हेतु शिकायत दर्ज किया गया था, किंतु शिकायत दर्ज होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई केवल विभाग के एक कर्मचारी द्वारा कॉल करके जानकारी दी गई कि आपका शिकायत निराकरण करके भेज दिया गया है। आज तक समाधान नहीं हुआ। विभाग द्वारा शिकायतों को बंद कर दिए जाने से सूबे के मुखिया द्वारा लोगो को राहत दिलाने के प्रयास को पलीता लगाने का कार्य किया जा रहा है।

पेटी ठेकेदार एरन्ना अन्मुल का कहना है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुरू की गई है, लेकिन यदि विभाग केवल कागजी कार्रवाई कर शिकायतों को बंद कर रहा है तो यह शासन की मंशा के विपरीत है।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद न तो संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हैं और न ही समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाता है। इसके बावजूद शिकायतों को ऑनलाइन पोर्टल पर निराकृत दिखा दिया जाता है। पीएमजीएसवाई विभाग की इस कार्यशैली को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराया जाए तथा बिना समाधान के शिकायतों को निराकृत करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

## कलेक्टर के आदेश पर भारी 'साठ-गांठ': ट्रांसफर के बाद भी मलाई काट रहे रसूखदार कर्मचारी। कलेक्टर का पत्र भी 'ठंडे बस्ते' में।



*जिला कलेक्टर बस्तर ने 20 मई 2026 को बकायदा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर इस 'जुगाड़ तंत्र' की वस्तुस्थिति मांगी थी। लेकिन मजाल है कि कछुआ गति से चलने वाले इस सिस्टम पर कोई रेंग पैदा हुई हो! कलेक्टर के आदेश की अवहेलना कर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।*

# महारानी अस्पताल में कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता/ मृण्मय बारोई

**जगदलपुर 27 जून।** कहते हैं सरकारी नौकरी में ट्रांसफर वह मर्ज है जिसका इलाज नेताओं की चौखट पर मिलता है। लेकिन बस्तर के महारानी अस्पताल में तो चिकित्सा विज्ञान का एक नया ही 'चमत्कार' देखने को मिल रहा है। यहाँ के कुछ रसूखदार स्वास्थ्य कर्मचारियों ने राजनीति का ऐसा 'इम्युनिटी बूस्टर' पी रखा है कि उन पर न तो कलेक्टर के आदेश का असर होता है और न ही सिविल सेवा आचरण नियमों का। नियम-कायदे आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं, और ट्रांसफर के बावजूद बिना ड्यूटी किए वेतन आहरण का 'स्वास्थ्य' बिल्कुल चंगा है!

### 'सूरदास' बने बैठे हैं विभाग प्रमुख!

प्रशासनिक अमला कितना मेहरबान है, इसकी बानगी देखनी हो तो श्रीमती वर्षा अल्काना के मामले को देखिए। जून 2025 में इनका तबादला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कापानार किया गया। जुलाई 2025 में इन्हें कार्यमुक्त भी कर दिया गया। लेकिन 'दबंगई' का आलम तो देखिए! मैडम ने कापानार का रास्ता देखने के बजाय महारानी अस्पताल के हाजिरी रजिस्टर को ही अपना 'सच्चा साथी' मान लिया और जबरन दस्तखत ठोकती रहीं। हैरानी की बात यह है कि विभाग के आला अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी 'धृतराष्ट्र और सूरदास' की भूमिका में नजर आए। जब वरिष्ठ सचिवों की समिति ने भी इनकी अर्जी को रद्दी की टोकरी में डाल दिया, तो मैडम ने 'मेडिकल लीव' का अचूक अस्त्र निकाल लिया। सुना है कि बिना ज्वाइनिंग किए ही साहबों से 'साठ-गांठ' कर वेतन का अरण-वरण (आहरण) भी कर लिया गया। वाह रे व्यवस्था! काम कहीं और, हाजिरी कहीं और, और माल सीधे जेब में!

### ट्रांसफर कहीं भी हो, सैलरी नहीं रुकनी चाहिए!

यही 'बीमारी' स्टाफनर्स ज्ञानमणि साहनी और सहायक ग्रेड-2 शशांक सिंह को भी लगी हुई है। एक को कापानार जाना था और दूसरे को दरभा। लेकिन दोनों ने अपनी पदस्थापना स्थल पर कदम रखना भी गवारा नहीं समझा। खंड चिकित्सा अधिकारी बस्तानार डॉ. प्रदीप बघेल और दरभा की डॉ. सुमन सेन की भूमिका भी इस पूरे खेल में 'संदेह के घेरे' में है। बिना ज्वाइनिंग के वेतन बांटने की यह दरियादिली सिविल सेवा आचरण नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रही है।

### कलेक्टर दफ्तर की नाक के नीचे 'अंधेर नगरी'

महारानी अस्पताल का लापरवाही, घोटालों और विवादों से चोली-दामन का साथ रहा है। कलेक्टर साहब समय-समय पर निरीक्षण का 'कौतुक' तो करते हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन की सेहत में कोई सुधार नहीं दिखता। नेत्र रोग विभाग के कामकाज पर पहले ही उंगलियां उठ चुकी हैं। जब गुनाहगारों को 'संरक्षण' की संजीवनी मिलती रहेगी, तो कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों का मनोबल तो टूटेगा ही। देखना यह है कि इस 'अंधेर नगरी' में न्याय का दीया कब जलता है, या फिर साठ-गांठ का यह 'वेतन घोटाला' ऐसे ही अधिकारियों की नाक के नीचे मुस्कुराता रहेगा!

### फोटो खिंचवाओ, धौंस जमाओ: बर्खास्त नेताओं का 'इंटरनेट मीडिया' पर जलवा

*जब अपने ऊपर आंच आने लगी, तो वर्षा अल्काना ने नया पैंतरा बदला। खुद तो मूल जगह गईं नहीं, उल्टा साथी कर्मचारियों पर झूठे आरोप मढ़ने लगीं। संघ के लेटरपैड का बेजा इस्तेमाल कर नेतागिरी चमकाई जा रही है।*

*कार्रवाई से बचने के लिए बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मचारी नेता अजय परिहार, के साथ कर्मचारी दयानंद पटेल, रूपेंद्र सिंह, फ्रांसिस विलियम और रोजलीन बेचक के साथ कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के बगल में खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाई जा रही हैं। इन तस्वीरों को इंटरनेट मीडिया पर ऐसे प्रसारित किया जा रहा है मानो कोई मेडल जीता हो। बर्खास्त नेता खुद तो पद पर हैं नहीं, लेकिन अपनी 'दुकान' चमकाने के लिए अधिकारियों पर इसी नेतागिरी का धौंस जमा रहे हैं। वैसे, कलेक्टर साहब को भी फोटो खिंचवाने से पहले जरा 'बैकग्राउंड चेक' कर लेना चाहिए था कि बगल में खड़ा शख्स बर्खास्तगी का तमगा लेकर घूम रहा है।*

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बोड़ागांव में ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर किया संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 27 जून।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जिला प्रवास के दौरान अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम बोड़ागांव स्थित सीएएफ कैंप परिसर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी ढाई महीने के भीतर प्रत्येक ग्रामीण का बैंक खाते की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंच सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने, दुग्ध उत्पादन को आजीविका के साधन के रूप में विकसित करने तथा



लघु वनोपज के प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आधुनिक ढंग से दुग्ध उत्पादन के लिए इसमें रुचि लेने वाले 10-10 ग्रामीणों की टीम गठित कर गुजरात में एक्पोजर विजिट कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग से ग्रामीणों को रोजगार और आय के नए अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

उन्होंने महिला स्व सहायता समूहों से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने तथा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने से आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने बोड़ागांव में स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित करने एवं आमाबेड़ा में किसान सदन निर्माण के लिए 15 लाख रुपये की स्वीकृति देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं और किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीणों को बेहतर लाभ मिलेगा।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से रोहन घोष की बस्तर की सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 जून।** छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के जगदलपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में सांसद मीडिया प्रतिनिधि रोहन घोष ने उनसे सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान बस्तर की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत तथा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर रोहन घोष ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को लेखक ओम प्रकाश सोनी द्वारा लिखित पुस्तक चक्रकोट की माणिक्य देवी बस्तर में एक शक्तिपीठ भेंट की। उन्होंने पुस्तक के माध्यम से बस्तर अंचल की समृद्ध आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर से मंत्री को अवगत कराया। पुस्तक की सराहना करते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बस्तर की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसी पुस्तकें नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान बस्तर के विकास, पर्यटन की संभावनाओं, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों के सहयोग से बस्तर विकास और सांस्कृतिक पहचान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## देवर्षि नारद मुनि जयंती पर माधव सेवा समिति ने पत्रकारों का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 27 जून।** देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर श्री माधव सेवा समिति गीदम के तत्वाधान में उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान और संवाद समारोह का आयोजन आज दंतेवाड़ा ग्रंथालय में किया गया। इस मौके पर साहित्यकार, स्तंभ कार एवं पत्रकार श्री कृष्ण मुरारी त्रिपाठी अटल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव ने की। श्री त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा कि सशस्त्र माओवाद के खात्मे के बाद अब अर्बन नक्सलवाद की चुनौती से निपटना बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का लक्ष्य बेहतर समाज का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे में बस्तर की मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान संदर्भो में पत्रकारिता को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दंतेवाड़ा के पत्रकारों की उन्होंने तारीफकी और कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ क्षेत्रीय विकास में स्थानीय पत्रकार अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान पत्रकार यशवंत यादव ने भी अपनी बात रखी और कहा कि पत्रकारिता का स्तर लगातार गिरता जा रहा है जो चिंता की बात है। विश्वसनीयता बनाए रखने समय रहते गंभीर चिंतन की जरूरत है। इलेक्ट्रानिक और प्रिंट दोनों ही मीडिया समाज की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। पत्रकारों की नई पीढ़ी को अध्ययनशील होने की जरूरत है ताकि पत्रकारिता के मान्य प्रतिमान सुरक्षित रह सके।

आयोजन में पत्रकार आजाद सक्सेना, रमेश कागदेलवार, रेणुका सिंह का सम्मान किया गया। अध्यक्षता कर रहे यशवंत यादव का भी सम्मान हुआ। आयोजन में मिश्री लाल झाड़े ने माधव सेवा समिति की गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अवधेश अवस्थी ने रोचक अंदाज में किया। आयोजन में चंद्रकांत क्षत्रिय, अर्जुन पाण्डे, आजाद सक्सेना, कवि सिन्हा, दिनेश गुप्ता, अनीष परिहार, आशु भदौरिया, राजेन्द्र सक्सेना, श्री बैरागी, नफीज कुरैशी, जितेन्द्र चौधरी सहित जिले भर के कई पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने संबंधित विषय पर अपनी सारगर्भित ह्यद्बबात रखी। श्री माधव सेवा समिति द्वारा हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। सशक्त पत्रकारिता के प्रति यह समिति के संकल्प को प्रदर्शित करता है।

# किरंदुल में एनएमडीसी के तरणताल पर विवाद गहराया

- नगर पालिका उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, अनुमति एवं सुरक्षा मानकों पर उठाए सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**किरंदुल 27 जून।** एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा संचालित स्विमिंग पूल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ स्विमिंग पूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि प्रबंधन स्विमिंग पूल के संचालन से संबंधित आवश्यक अनुमति एवं दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

**अनुमति और सुरक्षा मानकों पर उठे प्रश्न:** प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि किसी भी स्विमिंग पूल के संचालन के लिए निर्धारित प्रशासनिक अनुमतियों, सुरक्षा मानकों तथा प्रशिक्षित लाइफगार्ड एवं प्रशिक्षकों की व्यवस्था आवश्यक होती है। निरीक्षण के दौरान उनका आरोप था कि इन आवश्यक मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है।

**भेदभावपूर्ण नियमों का आरोप:** निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एनएमडीसी प्रबंधन पर यह भी आरोप लगाया कि स्विमिंग पूल का उपयोग केवल एनएमडीसी के नियमित कर्मचारियों एवं उनके बच्चों तक सीमित रखा गया है। जबकि नगर में रहने वाले व्यापारी, ठेकेदार, ठेका श्रमिक, राज्य सरकार के कर्मचारी तथा अन्य स्थानीय नागरिकों को इसका उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि यह व्यवस्था समाज में भेदभाव को बढ़ावा देती है और नगर के लोगों को आपस में बांटने का कार्य करती है। उनका दावा है कि इस संबंध में पूर्व में भी प्रबंधन को पत्र लिखकर नियमों में संशोधन का अनुरोध किया गया था, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

**धरना-प्रदर्शन में दी थी कार्रवाई की चेतावनी:** दो दिन पूर्व कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि जीएम कार्यालय के समीप स्थित स्विमिंग पूल के उपयोग संबंधी नियमों में शीघ्र शिथिलता लाई जाए, अन्यथा नगर पालिका आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी।

**किरंदुल एक मिनी भारत है- बबलू सिद्दीकी:** निरीक्षण के दौरान बबलू सिद्दीकी ने कहा कि किरंदुल एक मिनी भारत है, जहां सभी धर्मों और समाज के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। ऐसे में एनएमडीसी कर्मचारी और गैर कर्मचारियों के बीच इस प्रकार का भेदभाव किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। यदि यह सुविधा नगर में संचालित हो रही है तो उसका लाभ सभी नागरिकों को समान रूप से मिलना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की व्यवस्था समाज को बांटने का कार्य करती है और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने किया विरोध:** निरीक्षण के दौरान बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संदीप साव, मंजू चालीवाल, सुनील गुप्ता, गणेश गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी, दिनेश प्रसाद, आफ्ताब आलम, पत्रकार किशोर रामटेके, हिंद सेना के राष्ट्रीय प्रतिनिधि रवि सरकार, राम चालीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में कथित भेदभावपूर्ण व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि डिवाइड एंड रूल जैसी नीति किरंदुल में किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

**ताला लगाने पहुंचे, अधिकारियों ने मांगा समय:** प्रतिनिधिमंडल के अनुसार नगर पालिका उपाध्यक्ष बिना अनुमति संचालित होने का आरोप लगाते हुए स्विमिंग पूल पर ताला लगाने की तैयारी के साथ पहुंचे थे। इसी दौरान एनएमडीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए समाधान निकालने के लिए समय मांगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे उच्च प्रबंधन से चर्चा कर इस विषय में उचित समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

**समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा तेज :** निरीक्षण के बाद नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र ही कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया और नगर के सभी बच्चों एवं नागरिकों के लिए समान व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। साथ ही, बिना आवश्यक अनुमति संचालित होने के आरोपों के आधार पर स्विमिंग पूल पर ताला लगाने सहित आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 30 जून को सुकमा में महिला उत्पीड़न प्रकरणों की होगी सुनवाई

**दंतेवाड़ा, 27 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई के लिए 30 जून 2026 को जिला सुकमा में न्यायपीठ का आयोजन किया जाएगा। आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा जिला सुकमा एवं दंतेवाड़ा से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई कलेक्टर सभाकक्ष, जिला सुकमा में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरण मयी नायक (कैबिनेट मंत्री दर्जा), माननीय सदस्य सुश्री दीपिका शोरी एवं माननीय सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी उपस्थित रहकर प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।

## एक नजर

### कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

**महासमुंद, 27 जून ।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक भंडारण एवं विक्रय में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सरायपाली विकासखंड के ग्राम जोगनीपाली स्थित एक उर्वरक गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने मेसर्स अग्रवाल ट्रेडर्स, सरायपाली के स्वामित्व वाले गोदाम का भौतिक सत्यापन किया। जांच में गोदाम में 440 बोरी यूरिया, 250 बोरी 20-20-0-13 तथा 288 बोरी एस.एस.पी.सहित कुल 978 बोरी उर्वरक भंडारित पाया गया।निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान संचालक द्वारा उर्वरक भंडारण केंद्र से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली अनुपमा आनंद की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के खंड 28(1)(डी), प्रोफार्मा-2, प्रोफार्मा-2ए एवं प्रोफार्मा-4 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा उक्त भंडारण केंद्र को सील करते हुए वहां मौजूद कुल 978 बोरी उर्वरक को जब्त किया। जब्त उर्वरक को आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करते हुए मेसर्स अग्रवाल ट्रेडर्स, सरायपाली को सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है कृषि विभाग ने बताया कि जिले में उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण की नियमित निगरानी की जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र कुणाल का भारतीय नौसेना में चयन

**अंवरी,27 जून।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का क्षण है कि महाविद्यालय के होनहार छात्र कुणाल निर्मलकर का चयन भारतीय नौसेना के मेडिकल ब्रांच में हुआ है। कुणाल ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और अनुशासित तैयारी के बल पर यह सफलता प्राप्त कर पूरे महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती मंजू झा ने कुणाल को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कुणाल की यह सफलता हमारे महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक बहुत बड़ी प्रेरणा है। भारतीय नौसेना जैसे प्रतिष्ठित बल में देश सेवा के लिए चुना जाना बेहद गर्व की बात है। मुझे पूरा विश्वास है कि वह वहाँ भी अपनी कर्तव्यनिष्ठा से कॉलेज का मान बढ़ाएंगे। मैं उनके उज्जवल और गौरवमयी भविष्य की कामना करता हूँ। इसके साथ ही, संपूर्ण महाविद्यालय परिवार (शिक्षणगण, प्रशासनिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं) ने भी कुणाल को इस शानदार सफलता पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कॉलेज परिवार का कहना है कि कुणाल शुरू से ही एक अनुशासित और मेधावी छात्र रहे हैं, और उनकी इस सफलता ने संस्था के गौरव इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। कुणाल जोरातराई के रहने वाले है तथा इनके पिता मिस्त्री कार्य करते हैं।



### जिले के छूटे किसान अवश्य कराएं एग्रीस्टेक पंजीयन

**मोहला 27 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अभियान संचालित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार आगामी खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसी क्रम में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों, सहकारी समितियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से किसानों को जानकारी दी जा रही है कि एग्रीस्टेक पंजीयन के बिना समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में कठिनाई हो सकती है। एग्रीस्टेक पंजीयन से किसानों की भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी का डिजिटलीकरण होगा, जिससे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगमता से उपलब्ध कराया जा सकेगा।जिले के किसान अपना एग्रीस्टेक पंजीयन ग्राम पंचायत, लोक सेवा केंद्र (सीएससी), सहकारी समिति, कृषि विभाग के कार्यालय, तहसील कार्यालय तथा निर्धारित पंजीयन शिविरों में जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर तथा भूमि संबंधी आवश्यक दस्तावेज साथ लाना आवश्यक है। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना एग्रीस्टेक पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय सहित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के प्राप्त किया जा सके।

रायगढ़ विकासखंड के ग्राम सांगीतराई के दुर्गा सिदार को घर बैठे मिला विवाह प्रमाण पत्र

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से सेवा सेतु बना ग्रामीणों का भरोसेमंद साथी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और डिजिटल सेवाओं के विस्तार की दिशा में संचालित सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए सुविधाओं का नया माध्यम बनकर उभरा है। इस पोर्टल के जरिए नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो रही हैं। रायगढ़ विकासखंड के ग्राम सांगीतराई के दुर्गा सिदार सिदार इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जिन्हें सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से विवाह पंजीकरण एवं विवाह प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ मिला।



दुर्गा सिदार ने बताया कि विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले ऐसे दस्तावेज बनवाने के लिए कार्यालयों के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और धन दोनों खर्च होते थे। इसी दौरान उन्हें सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिली, जिसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध थी। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पोर्टल पर आवेदन किया और निर्धारित प्रक्रिया के तहत कुछ ही दिनों में उनका विवाह प्रमाण पत्र जारी हो गया। इससे उन्हें बिना किसी अनावश्यक भागदौड़ के समय पर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त हो गया।

दुर्गा सिदार बताती हैं कि सेवा सेतु पोर्टल केवल विवाह प्रमाण पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भू-अभिलेख संबंधी सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी सेवाएं, श्रम, राजस्व, नगरीय प्रशासन तथा अन्य विभागों की अनेक नागरिक सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध हैं। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को विशेष सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले जहां छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब सेवा सेतु के माध्यम से कई सेवाओं का लाभ घर के नजदीक उपलब्ध हो रहा है। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी बढ़ा है। दुर्गा सिदार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु जैसी पहल ग्रामीण नागरिकों के जीवन को आसान बना रही है। यह पोर्टल डिजिटल सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शासन की सेवाओं को आमजन तक सहज और प्रभावी रूप से पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

# संयुक्त टीम ने किया विभिन्न औद्योगिक संस्थानों का निरीक्षण

**महासमुंद, 27 जून।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय लंगेह के निर्देश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम श्री शांति संस उद्योग, इंडस्ट्रीयल एरिया बिरकोनी महासमुन्द का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती दिशा शुक्ला सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0), श्री प्रतीक शुक्ला जिला परिवहन अधिकारी जिला महासमुन्द, श्री डी0एन0 पात्र श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, श्री एस. के. चौधरी पर्यावरण विभाग, श्री सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक, विधिक मापविज्ञान विभाग, श्री अलीम अहमद नियाजी श्रम उप निरीक्षक श्रम विभाग उपस्थित रहे।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जांच में श्रमिकों का व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया। उचित मात्रा में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। केमिकल स्टोर एरिया में सुरक्षा उपाय लिखे हुए नहीं पाये गये। परिवहन विभाग की जांच में ट्रकों की जांच गई। सभी ट्रकों में फिटनेस इश्योरेंस परमिट सभी सही मिला। विधिक मापविज्ञान विभाग की जांच में उपयोग हो रहे टैंकर गाड़ियों व मोबाइल डिस्पेंसिंग यूनिट सत्यापन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नही पाए गए। जिनके संबंध में संबंधित को नोटिस जारी किया जा रहा है। पर्यावरण विभाग की जांच में स्थितियां सामान्य पाई गई। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, छ0ग0 श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982 के

# नशा मुक्त भारत अभियान को मिला जनसहभागिता का संबल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जून।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में नशामुक्त भारत सप्ताह एवं नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी विरोधी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के समापन अवसर पर जिला जेल रायगढ़ में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बंदियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों, उनके सामाजिक एवं पारिवारिक प्रभावों तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी नशामुक्ति का प्रभावी संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा।उपसंचालक समाज कल्याण श्री शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि नशा व्यक्ति की क्षमता, परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। युवाओं को नशे की लत से बचाने तथा समाज में व्यापक जनजागरूकता लाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

# जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने बनाई अगले विधानसभा चुनाव के लिए संयुक्त रणनीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 27 जून।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी (JCP) एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना (CKS) जिला गरियाबंद की संयुक्त जिला बैठक शुक्रवार को छुरा स्थित कोसमबुड़ा घाट में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों, सेनानियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, सदस्यता विस्तार तथा आगामी 2028 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन की आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न पदों पर नए दायित्व भी सौंपे गए, ताकि बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उपस्थित



पदाधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। बैठक में वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रारंभिक रणनीति तैयार की गई। क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन विस्तार तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हितों, जल, जंगल, जमीन, किसान, मजदूर एवं युवाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करना है। इसके लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान तेज करने, नियमित बैठकों के माध्यम से संगठन को सक्रिय बनाए रखने तथा जनसामान्य के बीच पहुंचकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ÷एकता, संगठन और संघर्ष÷ के संकल्प के साथ वर्ष 2028 तक प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत बनाने का भरोसा व्यक्त किया। संयुक्त रूप से कहा गया कि जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिले में संगठन विस्तार एवं जनआंदोलन को नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य करेगी। उक्त जिला स्तरीय बैठक में प्रमुख रूप से जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष भोजराम नेताम, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना उपाध्यक्ष महावीरा ध्रुव, हरीश हरित, तेजराम मरकाम, निशांत साहू, चोखेलाल साहू, भानु प्रताप, पुरण निर्मलकर, भुनेश्वर ठाकुर, लिकेश साहू, पुष्कर यादव, पुष्पराज साहू, अजय ठाकुर, कलाराम नेताम के साथ ही छुरा खड़, फिंगेश्वर खड़, राजिम खड़, गरियाबंद खड़ के अन्य पदाधिकारी व बड़े संख्या में जुड़े हुए सेनानी उपस्थिति रहें।

# लोहे के रिंग लगे ट्रैक्टर चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जून।** जिला प्रशासन एवं परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार यातायात सुगम और सरल बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिले में सार्वजनिक सड़कों पर लोहे के रिंग अथवा दोहरे पिंजरे लगे ट्रैक्टरों के संचालन पर सख्ती बरती जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे ट्रैक्टर यदि सड़क, सीमेंट सड़क अथवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित होते पाए जाएं, तो उनके विरुद्ध तत्काल चालान, वाहन जब्ती एवं मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि ट्रैक्टरों में लगाए जाने वाले लोहे के रिंग अथवा दोहरे पिंजरे केवल कृषि कार्य, विशेषकर खेतों में उपयोग के लिए बनाए जाते हैं। इन्हें हटाए बिना सार्वजनिक मार्गों पर ट्रैक्टर चलाना नियमों के विपरीत है। ऐसे पहियों के कारण सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त होती हैं तथा अन्य वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को विशेष जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर नियमित जांच की जाएगी। जांच के दौरान लोहे के रिंग लगे ट्रैक्टर सड़क पर संचालित पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।समस्त कृषकों एवं ट्रैक्टर मालिकों से अपील की गई है कि कृषि कार्य समाप्त होने के बाद ट्रैक्टरों के पहियों से लोहे के रिंग एवं दोहरे पिंजरे अनिवार्य रूप से हटा दें तथा सार्वजनिक सड़कों पर केवल रबर टायर वाले ट्रैक्टरों का ही संचालन करें। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवरी की छात्रा का जापान जाने के लिए चयन

**अंवरी।** अत्यन्त हर्ष का विषय है कि शास.माध्य. विद्यालय देवरी (भखारा) से वर्ष 2022-23में इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए चयनित छात्रा कु.सुनैना सुपुत्री श्री सदाराम साहू का चयन जापान के प्रसिद्ध सकूरा हाईस्कूल प्रोग्राम 2026 के लिए हुआ है।यह कार्यक्रम 28/06/26 से03/07/26 तक जापान में आयोजित है।वर्तमान में शा.उ.मा.वि.कोसमर्रा में 12 वीं में अध्ययनरत है।मेधावी छात्रा कु.सुनैना ने जापान रवाना के समय माध्य.शाला के प्रधान पाठक श्री हेमन्त कुमार साहू, मार्गदर्शक शिक्षक श्री लक्ष्मीकांत साहू, सुश्री माधुरी डडसेना, श्रीमती सारिका साहू,श्री ईश्वर लाल साहू प्र.पा.(प्राथ.),श्री डी.एन.मंडावी, श्रीमती हेमलता आदि थे।

# धान छोड़ रागी अपनाई, अब समृद्धि की नई फसल काट रहे लैलूंगा के आदिवासी किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जून ।** बदलाव की शुरुआत अक्सर एक छोटे कदम से होती है। लैलूंगा विकासखंड के वनांचल ग्राम फुठामुड़ा में यही बदलाव आज किसानों की नई पहचान बन चुका है। कभी ग्रीष्मकाल में अधिक पानी और अधिक लागत वाली धान की खेती करने वाले यहां के आदिवासी किसानों ने अब रागी (मड़ुआ) की खेती अपनाकर न केवल अपनी आय का नया रास्ता खोला है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

इस परिवर्तन की अगुवाई प्रगतिशील किसान गोसाई राम राठिया ने की। कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और जिला खनिज न्यास



(डीएमएफ) के सहयोग से उन्होंने गांव के किसानों को संगठित किया और ग्रीष्मकाल में धान के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली पोषक फसल रागी की सामुदायिक खेती शुरू कराई। वैज्ञानिक पद्धति, सामूहिक मेहनत और विभागीय सहयोग का परिणाम यह रहा कि पहली ही फसल में किसानों को उत्कृष्ट गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त हुआ। बेहतर बाजार और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए किसानों ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराया। घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त रागी सुरक्षित रखने के बाद किसानों ने 45 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाले रागी बीज की पहली खेप निगम को विक्रय की। यह उपलब्धि न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का माध्यम बनी, बल्कि फुठामुड़ा को रागी बीज उत्पादन के उभरते केंद्र के रूप में नई पहचान भी दिला रही है।आज गोसाई राम राठिया की पहल से गांव के अनेक किसान रागी उत्पादन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कम पानी, कम लागत और बेहतर लाभ देने वाली यह खेती प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही है। पोषण से भरपूर मोटे अनाज को बढ़ावा देने की दिशा में यह प्रयास शासन की मंशा को भी साकार कर रहा है। फुठामुड़ा की यह सफलता बताती है कि जब किसानों को सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और योजनाओं का लाभ समय पर मिले, तो खेती केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि समृद्धि का मजबूत आधार बन जाती है।

# उप मुख्यमंत्री ने नक्सल पीड़ित परिवारों और शहीदों के परिजनों से मिलकर सुनीं समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 27 जून ।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज जिला कलेक्ट्रेट कांकेर में नक्सल पीड़ित परिवारों एवं विभिन्न मोर्चों में शहीद हुए जवानों के परिजनों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी मामलों का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों और शहीदों के आश्रितों के सम्मान, सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नक्सली पीड़ित परिवारों एवं शहीद जवानों के परिजनों से नियमित रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं जिसका लाभ पीड़ित परिवार अवश्य ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में वीर शहीदों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गांवों में



शासकीय संस्थानों, सामुदायिक भवन, चौक-चौराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों का नामकरण शहीदों के नाम पर किया जाएगा। साथ ही जिन स्थानों पर नक्सल हिंसा की बड़ी घटनाएं हुई हैं, वहां उपयुक्त स्थान चिन्हित कर स्मारकों का निर्माण कराया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां शहीद वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान से प्रेरणा मिल सकें।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र शहीद परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं तथा पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया में प्राथमिकता देते हुए शीघ्र लाभान्वित करे। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने शहीद स्मारकों के निर्माण के लिए समग्र निधि से 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिससे प्रदेशभर में सम्मानजनक एवं प्रेरणादायी स्मारकों का निर्माण कराया जाएगा।बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ने सभी नक्सली पीड़ित एवं शहीद परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र और समाज के लिए अमूल्य है तथा उनके परिवारों का सम्मान और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि उनको भी नक्सल हिंसा के कारण अपने घर को त्यागना पड़ा था इसलिए वे नक्सल पीड़ितों की व्यथा को अच्छी तरह समझ सकते हैं। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दृढ़ निश्चय और दीर्घकालीन रणनीति एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा की संवेदनशीलता से प्रदेश नक्सल हिंसा से मुक्त हो पाया है, जिसका परिणाम है कि अब सभी स्वतंत्र रूप से बिना डर के रह पा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक श्री विक्रम उसेंडी, कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के जीरो टॉलरेंस के दावे की पोल खोल रही 10 करोड़ की रीजेंट खरीदी:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,27 जून।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार का प्रमुख केंद्र बना दिया है। 10 करोड़ की रीजेंट खरीदी का घोटाला भाजपा के जीरो टॉलरेंस के झूठे दावे की कलई खोल रही है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि 10 करोड़ रुपये की रीजेंट खरीदी में घोटाला कोई प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि जनता के पैसे पर सुनियोजित डाका है। जो सरकार की नीयत और नीति दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। श्री चंद्राकर ने सवाल किया कि 21 जनवरी को कैबिनेट ने प्रदेश के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सरकारी पैथोलॉजी लैब को बंद कर पूरा काम एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) को सौंपने का फैसला ले लिया था, तब कैबिनेट के इस फैसले के ठीक 48 घंटे बाद 23 जनवरी को सीजएमएससी ने आनन-फानन वैनगार्ड कंपनी को 10 करोड़ रुपये का रीजेंट सप्लाई करने का ऑर्डर क्यों दे दिया। जब सरकार को पहले से पता था कि सरकारी लैब बंद होने वाली है, और पुरानी मशीनें कबाड़ में जाने वाली हैं तो फिर उन्हीं मशीनों के लिए 10 करोड़ का रीजेंट क्यों खरीदा गया। यह ऑर्डर किसे फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद दिया गया, इसका जवाब भाजपा की साय सरकार देना चाहिए।। चंद्राकर ने कहा कि यह है कि हर पैथोलॉजी मशीन का रीजेंट अलग होता है। एचएएल जब नई मशीनें लगाएगी तो सरकारी पैसे से खरीदा गया यह 10 करोड़ का रीजेंट उन मशीनों में काम ही नहीं आएगा। साफ है कि यह पूरा स्टॉक गोदाम में पड़ा-पड़ा एक्सपायर हो जाएगा। साफ जाहिर है भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए जान बूझकर 10 करोड़ रुपये का नुकसान कराया।

ताकि, किसी खास कंपनी या बिचौलिए को फायदा पहुंचाया जा सके। इस पूरे मामले में गरीब मरीजों के साथ सबसे बड़ा धोखा किया गया है। सरकार ने एचएएल का सबसे महंगा मॉडल-3 मंजूर किया है। जिसमें जांच दरों पर मरीजों को कोई छूट नहीं मिलेगी। जांच के लिए सरकारी बिल्डिंग का इस्तेमाल होगा, सरकारी बिजली खर्च होगी, सरकारी स्टाफ काम करेगा, लेकिन गरीब मरीज से जांच का पूरा पैसा वसूला जाएगा।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बीजापुर के दो दिवसीय प्रवास पर आगमन

■ पत्रकारवार्ता में कहा कुपोषण, महिला सशक्तिकरण और रोजगार पर किया जाएगा फोकस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 27 जून।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान विभागीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



दौरे के दौरान मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार लाया जा सके। मंत्री ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर वहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण आहार वितरण, प्री-स्कूल गतिविधियों तथा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से चर्चा कर विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में शांति और विकास के नए दौर का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि अब नक्सल मुक्त बस्तर में महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभागीय योजनाओं के प्रभावी संचालन के निर्देश अधिकारियों को दिए। दौरे के दौरान मंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना आवश्यक है। अपने प्रवास के दौरान मंत्री ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, कुपोषण उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण तथा बस्तर में विकास कार्यों को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी साझा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, एसडीएम जागेश्वर कौशल, सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर मनीष भारती सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**भाटापार 27 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर ने कल्याण सागर के चारो ओर पूर्व मे चल रहे निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराये जाने को लेकर एक ज्ञापन मुख्यनगरपालिका अधिकारी को सौंपा है।सौपें गए ज्ञापन मे अजय ठाकुर ने बताया दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड स्थित कल्याण सागर के चारो तरफ निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था परन्तु विगत एक वर्ष से ठेकेदार के द्वारा मजदूर न मिल पाने के कारण प्रारंभ नही किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा जो कारण बताया जा रहा है वह उचित प्रतीत नही होता ठाकुर ने बताया उक्त नाली निर्माण कार्य वर्तमान मे अधूरा है जिससे कि वार्डवासी एवं आसपास के नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड रहा है एवं वर्षा ऋतु के कारण गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका से भी इंकार नही किया जा सकता उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान मे रखते हुए उक्त नाली निर्माण को पुनः प्रारंभ किये जाने हेतु उक्त ठेकेदार को आदेशित किये जाने की मांग की है ।उन्होंने उक्त कार्य को दस दिवस के भीतर उचित कार्यवाही करते हुए प्रारंभ किये जाने की मांग की है।

### सघन पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून तक, 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चे पीएंगे दो बूंद जिंदगी की

**बलौदाबाजार 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो अभियान 2026 का आयोजन जिले में 28 से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 28 जून को जिले के लगभग 831 बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। 29 एवं 30 जून को घर-घर भ्रमण कर मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रशिक्षु नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्राओं द्वारा पिलाई जाएगी। अभियान के तहत जिले के 1 लाख 40 हजार 879 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ में पहुंचकर अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकताओं का सहयोग करने का आग्रह किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि विश्व पोलियो उन्मूलन अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत जिले में 1 लाख 40 हज़ार 879 बच्चे लक्षित हैं। इसकी निगरानी के लिए अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई लगाई गई है । इस बाबत पोलियो वैक्सीन और आवश्यक प्रशिक्षण सहित पूरी तैयारी कर ली गई है। समस्त टीमों को समय पर पोलियो की दवा उपलब्ध कराने एवं कार्य संपादन की निगरानी जिम्मेदारी दी गई है।सभी ब्लॉक के ग्रामों के अलावा बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों द्वारा निर्माणाधीन क्षेत्र, खदानों, ईट भट्ठा, स्लम एरिया, मेला, बाजार आदि में छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है।

### प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने किया सियान गुड़ी का अवलोकन

**रायपुर, 27 जून।** जशपुर जिले के भागलपुर रोड स्थित डे-केयर सेंटर सियान गुड़ी का छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरां से आए वर्ष 2025 बैच के 7 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित यह केंद्र वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, देखभाल और सक्रिय जीवन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के रूप में विकसित हो रहा है। मैदानी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा वरिष्ठ नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद कर उनके जीवन अनुभवों, आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को करीब से समझा। इस दौरान उन्हें प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानवीय संवेदनशीलता, जनसेवा और जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर श्री रविशंकर वर्मा, सुश्री निधि प्रधान, सुश्री नंदनी साहू, श्री मनीष बघेल, श्री सौरभ दीवान, श्री लखेश्वर यादव एवं श्री सत्येन्द्र कुमार बंजारे ने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य, मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों का अवलोकन किया।

# खाद-बीज और बिजली बिल के मुद्दे पर 29 जून को किसानों का चक्का जाम

■ मदन साहू ने किसानों के साथ स्थानीय जनहित के मुद्दों को भी आंदोलन में शामिल करने की दी सलाह, तुमड़ीबोड़ में हजारों किसानों के जुटने का दावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 जून।** जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में किसानों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफबड़ा आंदोलन छेड़ने की तैयारी कर ली है। खाद-बीज की कमी, बढ़े हुए बिजली बिल, अघोषित बिजली कटौती, महंगाई और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 29 जून, सोमवार को ग्राम तुमड़ीबोड़ में विधानसभा स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन में हजारों किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दलेश्वर साहू के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 29 जून को ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित होने वाले विधानसभा स्तरीय धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस संगठन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर गया है। आंदोलन के कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव के संरक्षक गुलाब वर्मा के नेतृत्व में तुमड़ीबोड़ में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें आंदोलन की रूपरेखा, प्रचार-प्रसार और जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। बैठक में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनूराम साहू, पूर्व एआईसीसी सदस्य क्रांति बंजारे, मंडल अध्यक्ष हेमसिंग साहू, उपाध्यक्ष गौतम वर्मा, सचिव हेमंत साहू, श्रीमती सुशीला निषाद, श्रीमती जमुना साहू, श्री कोमल साहू, मीडिया प्रभारी नरेंद्र साहू, श्री चुंबक साहू, श्री दयासाहू, बूथ प्रभारी योगेंद्र साहू, धिराजी साहू, बीणाधर वर्मा, लुकेश्वर वर्मा, भुवाल साहू, गोवर्धन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, किसानों और महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने, मंच, पंडाल, पेयजल, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम प्रभारी गुलाब वर्मा ने सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक किसानों और आम नागरिकों तक आंदोलन की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने सुझाव दिया कि आंदोलन में किसानों की समस्याओं के साथ-साथ क्षेत्र के एक-दो प्रमुख स्थानीय जनहित के मुद्दों को भी शामिल किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण और आमजन इस जनआंदोलन से जुड़ सकें। इन प्रमुख मांगों को लेकर होगा आंदोलन कांग्रेस द्वारा आयोजित इस विधानसभा स्तरीय आंदोलन में सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी जाएंगी, जिनमें किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों पर रोक लगाई जाए। घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतें वापस ली जाएं।।अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। भाजपा शासनकाल में चार बार बढ़ाए गए बिजली बिल वापस लेकर आम जनता को राहत दी जाए।नेताओं का कहना है कि इन मुद्दों से किसान और आम नागरिक लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। इसलिए अब लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की जाएगी। जिला किसान कांग्रेस ने सभी पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। तिथिः 29 जून 2026 (सोमवार) समयः दोपहर 3:00 बजे स्थानः ग्राम तुमड़ीबोड़, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र। कार्यक्रम प्रभारी गुलाब वर्मा ने कहा कि यह आंदोलन किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई है तथा सभी वर्गों की भागीदारी इसे और अधिक मजबूत बनाएगी। वहीं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि जनहित और किसान हित के मुद्दों पर कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों की आवाज बनकर आंदोलन जारी रखेगी।

### अवैध कब्जे का मामला गरमाया, दूसरे भूखंड के पट्टे पर अलग-अलग जगह मकान निर्माण का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 27 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाने के बावजूद धर्मनगरी डोंगरगढ़ के वार्ड क्रमांक 21 में कथित अवैध कब्जे और निर्माण का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक ही भूखंड के पट्टे का उपयोग कर अलग-अलग स्थानों पर मकान निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मामले की शिकायत मिलने पर डोंगरगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक (आरआई) को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जांच के दौरान राजस्व निरीक्षक द्वारा कथित रूप से यह पाया गया कि जिस पट्टे के आधार पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह संबंधित निर्माण स्थल से मेल नहीं खाता और अलग-अलग स्थानों पर उसी दस्तावेज का उपयोग किए जाने की बात सामने आई। जांच के दौरान आरआई ने संबंधित पक्ष को निर्माण कार्य तत्काल रोकने के निर्देश भी दिए। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग के निर्देशों के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। इससे प्रशासनिक आदेशों की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि पूरे मामले को देखते हुए एसडीएम ने दस्तावेजों की विस्तृत जांच के निर्देश तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव को दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अब लोगों की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध राजस्व कानूनों के तहत कार्रवाई के साथ-साथ अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

# संघर्षों को चीरकर बीहड़ से सफलता के शिखर पर पहुंचे अनिल मज्जी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता/ राजकुमार कोण्डागुरला

**बीजापुर 27 जून।** धुर नक्सल प्रभावित और सुदूर वनांचल क्षेत्र बीजापुर से एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी सामने आई है, जिसने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इरादों के सामने टिक नहीं सकतीं। भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम दुड़ेपल्ली के छात्र अनिल मज्जी ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में पूरे बीजापुर जिले में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

अनिल की यह उपलब्धि केवल एक शैक्षणिक सफलता नहीं, बल्कि संघर्ष, मेहनत और संकल्प की अद्भुत मिसाल है। बेहद साधारण परिवार से आने वाले अनिल ने अभावों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी और अपने सपनों को साकार कर दिखाया।

**अभावों के बीच तय किया सफलता का सफर:** ग्राम दुड़ेपल्ली निवासी अनिल मज्जी के पिता बोधी मज्जी और माता बोर्री मज्ज़ी कभी विद्यालय नहीं जा सके। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण माता-पिता मजदूरी और खेती-किसानी कर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण करते हैं। गांव में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, लेकिन इन कठिनाइयों ने अनिल के हौसलों को कमजोर नहीं किया।

**'छू लो आसमान' योजना बनी सफलता की सीढ़ी:** अनिल की प्रतिभा को सही दिशा देने में जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित 'छू लो आसमान' कोचिंग सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संस्था ने न केवल अनिल को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया, बल्कि अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, विशेष कोचिंग और नैतिक समर्थन ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। संस्था के शिक्षकों की मेहनत और अनिल के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि आज उन्होंने जिले में पहला स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



**माता-पिता, गुरुजनों और प्रशासन को दिया सफलता का श्रेय:** अपनी सफलता पर भावुक होते हुए अनिल मज्जी ने कहा कि, ÷गांव की समस्याओं और माता-पिता के संघर्ष को देखकर अक्सर मन में सवाल उठता था कि क्या मैं कभी कुछ बड़ा कर पाऊंगा। लेकिन 'छू लो आसमान' कोचिंग सेंटर ने मुझे नई दिशा और उड़ान दी। माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से ही मैं यह मुकाम हासिल कर पाया हूं। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इस संस्था का सहयोग नहीं मिला होता, तो पढ़ाई जारी रखना भी कठिन हो सकता था।

**नई पीढ़ी के लिए बने प्रेरणास्त्रोत:** अनिल मज्जी की सफलता बस्तर संभाग के उन हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का संकल्प रखते हैं।

इस उपलब्धि पर छू लो आसमान के प्राचार्य बसमैया आंगनपल्ली ने कहा कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है। अनिल ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादे, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के बल पर बीहड़ जंगलों से निकलकर भी सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। जिला प्रशासन, शिक्षकगण और क्षेत्रवासियों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नैनो उर्वरक के प्रयोग से युवा किसान पुनम की खेती बनी लाभकारी

**रायपुर, 27 जून।** कोंडागांव जिले के ग्राम ग्राम दावड़ीबेड़ा (चिखलपुटी) के युवा किसान पुनम नेताम आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बना रहे हैं। उन्होंने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग कर अपनी फसलों में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया है। पिछले दो वर्षों से वे धान, मक्का और सब्जियों की खेती में नैनो उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पुनम नेताम ने बताया कि गत वर्ष उन्होंने 10 एकड़ भूमि में मक्का की खेती की थी। नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसल की वृद्धि अच्छी हुई और उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। उनका कहना है कि नैनो उर्वरक का छिड़काव सीधे पौधों की पत्तियों पर किया जाता है, जिससे पोषक तत्व शीघ्रता से पौधों तक पहुंचते हैं। इससे उर्वरक की उपयोग क्षमता बढ़ती है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

### 20 वर्षों में 12 राष्ट्रीय पुरस्कार, फिर भी छत्तीसगढ़ के मनरेगा कर्मियों का भविष्य संकट में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कलकसा (डोंगरगढ़ )27 जून।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ राज्य शासन एवं भारत सरकार का ध्यान इस गंभीर और चिंताजनक स्थिति की ओर आकर्षित करता है, कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों ने पिछले 20 वर्षों में अपने परिश्रम और दक्षता से प्रदेश को 12 राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इसके बावजूद आज वही कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर गंभीर अनिश्चितता और असुरक्षा की स्थिति में हैं। राज्य में 'वी बी - जी राम जी योजना' के लागू होने की प्रक्रिया के बीच नियमितिकरण, मानव संसाधन नीति के माध्यम से सेवा, सामाजिक व भविष्य सुरक्षा, ग्राम रोजगार सहायको के संविदा, ग्रेड पे निर्धारण जैसे जायज व वर्षो पुरानी मांगो को लेकर अब तक कोई स्पष्ट और ठोस दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। इस स्थिति ने कर्मचारियों के मनोबल को गहराई से प्रभावित किया है।

**राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया गया मुद्दाः** महासंघ के अध्यक्ष अजय क्षत्रि, प्रवक्ता विजय प्रताप सिंह, नरोत्तम सिंह कुंजाम ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विगत दिसंबर महीने में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के समक्ष कर्मचारियों की समस्याओं को स्पष्ट और सख्त तरीके से प्रस्तुत किया।

उन्होंने विशेष रूप से सेवा सुरक्षा, मानव संसाधन नीति एवं सामाजिक सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता को उठाया और स्पष्ट समाधान की मांग की।

**केंद्रीय मंत्री का आश्वासनः** केंद्रीय मंत्री ने इस मुद्दे पर आश्वस्त किया किः कर्मचारियों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है नई योजनाओं में भी उनकी भूमिका अनिवार्य और महत्वपूर्ण रहेगी सेवा सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार से गंभीरता से चर्चा की जाएगी किसी भी कर्मचारी की नौकरी या सेवा पर संकट नहीं आने दिया जाएगा

राज्य स्तर पर स्थिति गंभीर

महासंघ ने स्पष्ट कहा है कि केंद्रीय स्तर पर आश्वासन के बावजूद राज्य स्तर पर अब तक कोई स्पष्ट नीति जारी न होना अस्वीकार्य स्थिति है। इससे कर्मचारियों में असंतोष और अनिश्चितता लगातार बढ़ रही है।

**आंदोलन की चेतावनीः** महासंघ ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही ठोस नीति और लिखित व्यवस्था नहीं बनाई गई तो 2, 3 एवं 4 जुलाई, 2026 तक तीन दिवसीय चरणबद्ध/सांकेतिक हड़ताल की जाएगी–

महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यह केवल विरोध नहीं, बल्कि वर्षों की सेवा के सम्मान, अधिकार और भविष्य की सुरक्षा की निर्णायक लड़ाई है। शासन से अपेक्षा है कि वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ठोस निर्णय ले।

# परिक्रमा पथ निर्माण के लिए ग्राम सभा ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया है किसान खुश हैं, कांग्रेसी ग्रामीण व शहरवासियों को गुमराह न करें : टामेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 27 जून।** टामेश्वर साहू जनपद सभापति और मंडल महामंत्री मुसरा मुरमुन्दां ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कांग्रेस अपने शासनकाल में कोई भी बड़ा काम शहर /ग्रामीण क्षेत्र में नहीं कर पाई भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार डोंगरगढ़ के विकास व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है उस पर कांग्रेस रोक लगाने का प्रयास कर रही है कांग्रेस विकास में रोड़ा ना बने डोंगरगढ़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार

**टामेश्वर साहू जनपद सभापति और मंडल महामंत्री मुसरा मुरमुन्दांः** ने आगे कहा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी, राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय जी, गृहमंत्री विजय शर्मा जी प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव जी वित्त मंत्री ओ पी चौधरी जी, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव जी सहित जिले एवं नगर के वरिष्ठ नेताओं का प्रयास रहा है की डोंगरगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों का चौमुखी विकास हो



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में ग्राम कुरुभाटा एवं राजकट्टा शामिल होने से डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ निर्माण परियोजना को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण निर्मित हो रहा है। धार्मिक, सामाजिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस परियोजना से न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के किसानों और स्थानीय नागरिकों को भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है।

डोंगरगढ़ को प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में विशेष पहचान प्राप्त है। यहां स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अवसर पर दो भव्य मेलों का आयोजन होता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु देशभर से पहुंचते हैं।

**टामेश्वर साहू ने बताया:** हमारे ग्राम कुरुभाटा एवं राजकट्टा क्षेत्र में भी मेला जैसा वातावरण रहते हैं शहरी सीमा छीरपानी एवं ग्राम कुरुभाटा खार पर

प्रज्ञागिरी पर्वत पर भगवान बुद्ध के अनुयायियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन भी प्रतिवर्ष होता है, जिसमें देश-विदेश से बौद्ध धर्मावलंबी शामिल होते हैं। इसके अलावा बाबा गुरु घासीदास धाम रावटी पहाड़ी में सतनाम समाज के अनुयायियों का लगातार आगमन बना रहता है।

डोंगरगढ़ की धार्मिक पहचान को और मजबूत बनाने में ग्राम राजकट्टा में स्थित चंद्रगिरी पर्वत वा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की समाधि स्थली का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यहां वर्षभर देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। टामेश्वर साहू ने बताया इन सभी धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों को एक व्यवस्थित मार्ग से जोड़ने की मांग लंबे समय से हमारे ग्राम पंचायत एवं विभिन्न धार्मिक ट्रस्टों और सामाजिक संगठनों द्वारा की जाती रही है।

हमारे ग्राम पंचायत एवं जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट, प्रज्ञागिरी ट्रस्ट, बाबा गुरु घासीदास धाम रावटी पहाड़ी समिति तथा जैन एवं बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों द्वारा विगत कई वर्षो से सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले परिक्रमा पथ के निर्माण की मांग शासन-प्रशासन के समक्ष रखी जाती रही है । इसी मांग को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा व्यापक अध्ययन और सर्वेक्षण के बाद परियोजना को आगे बढ़ाया गया। टामेश्वर साहू ने कहापरिक्रमा पथ निर्माण के लिए एलाइनमेंट तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं तत्कालीन मुख्य सचिव, कलेक्टरों तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार स्थल निरीक्षण किया गया।

टामेश्वर साहू जनपद सभापति और मंडल महामंत्री मुसरा मुरमुन्दां ने बताया प्रारंभिक चरण में पुराने मार्ग को चौड़ा करने पर विचार किया गया था, किंतु इससे भूमि अधिग्रहण और मुआवजा संबंधी व्यय100त अत्यधिक बढ़ने की संभावना को देखते हुए नए एलाइनमेंट का चयन किया गया। इससे परियोजना को अधिक व्यवहारिक और जनहितकारी स्वरूप प्रदान किया गया। टामेश्वर साहू ने कहा *चिचोला रोड से दूसरे छोर में तुमडीबोड रोड को जोड़ा गया है जिससे शहर के बाहर बाहर वहान का आना जाना हो सकेगा जिस से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में दबाव कम होगा परियोजना को 18 मार्च 2025 को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद से राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निगरानी में विभिन्न विभाग परियोजना को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं।

### मोहर्रम पर मुस्लिम समाज डोंगरगढ़ ने शोहदाए कर्बला की याद में किया फल वितरण

**डोंगरगढ़ 27 जून।** मुस्लिम समाज डोंगरगढ़ की जानिब से आज 10 मोहर्रम के अवसर पर शहीद-ए-शोहदा-ए-कर्बला इमाम हुसैन (अ.स.) एवं उनके वफ़ादार साथियों की अज़ीम कुर्बानी को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करते हुए सेवा और इंसानियत का अनूठा संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों, वृद्धाश्रम में निवासरत बुज़ुर्गों, रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों तथा भूखे एवं जरूरतमंद लोगों के बीच फल वितरित किए गए। फल वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य मोहर्रम के पवित्र अवसर पर हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी, सब्र, इंसाफ़, मानवता और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। समाज के सदस्यों ने कहा कि कर्बला की घटना केवल एक ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की अमर मिसाल है। इसी प्रेरणा से समाज द्वारा हर वर्ष जनसेवा के कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर मुस्लिम समाज डोंगरगढ़ के पदाधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम हमें ज़रूरतमंदों की मदद करने, आपसी भाईचारा बढ़ाने तथा समाज में प्रेम, शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इंसानियत की सेवा ही हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) की शिक्षाओं को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज डोंगरगढ़ के पदाधिकारी, युवा एवं समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया तथा अंत में देश में अमन, शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की गई।



## एक नजर

### अमेजन प्राइम डे के 10 साल पूरे

**रायपुर, 27 जून।** अमेज़न प्राइम डे भारत में अपने दसवें संस्करण के साथ वापस आ गया है, जो 4 जुलाई को रात 12:00 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11:59 बजे तक चलेगा। इस दौरान प्राइम मेंबर्स को शानदार डील्स, बड़ी बचत, नए प्रोडक्ट्स के लॉन्च और मनोरंजन जैसी कई चीज़ें मिलेंगी। इस साल, प्राइम मेंबर्स ग्रोसरी, ताज़े फल व सब्ज़ियों, हेल्थ, बेबी केयर और पेट केयर जैसे रोज़मर्रा के ज़रूरी सामानों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। साथ ही, वे नए ब्रांड्स, लिमिटेड-एडिशन लॉन्चेस और शॉपिंग के स्मार्ट तरीकों को भी जान सकेंगे। प्राइम डे आपके घर की रोज़मर्रा की ज़रूरतों की खरीदारी को आसान बनाता है और साथ ही नई व उपयोगी चीजों को खोजने का अवसर भी देता है। चाहे घर के सामान का स्टॉक पहले से प्लान करना हो या आखिरी मिनट की कोई ज़रूरत हो, अमेज़न इंडिया तेज़ डिलीवरी, भरोसे और बेहतरीन विकल्पों का पूरा अनुभव देता है। अमेज़न नाउ के ज़रिए कुछ ही मिनटों में अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी की सुविधा भी मिलती है।

### अमेजन नाउ का 300 से अधिक शहरों में विस्तार

**रायपुर, 27 जून।** अमेज़न ने अपनी अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सेवा अमेज़न नाउ का विस्तार करते हुए इसे देश के 300 से अधिक शहरों तक पहुंचाने की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य भारत का सबसे बड़ा डिलीवरी इन मिनट्स नेटवर्क तैयार करना है। लॉन्च के बाद से अमेज़न नाउ के ऑर्डर हर तिमाही दोगुने हुए हैं, जिससे यह अमेज़न इंडिया के इतिहास में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली ई-कॉमर्स इकाई बन गई है। अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर समीर कुमार ने कहा, अमेज़न इंडिया के इतिहास में अमेज़न नाउ सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला ई-कॉमर्स इकाई बन गई है, लॉन्च के बाद से इसके ऑर्डर हर तिमाही दोगुने हुए हैं और ग्राहकों, खासकर प्राइम सदस्यों, से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली है। प्राइम सदस्य अमेज़न नाउ का उपयोग शुरू करने के बाद अपनी खरीदारी की रफ्तार तीन गुना बढ़ा देते हैं। विस्तार की रफ्तार बढ़ाते हुए हम जल्द ही देश के 300 से अधिक शहरों में अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी उपलब्ध कराएंगे।

### धर्मान्तरण और घुसपैठ देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा : उपाध्याय

**रायपुर, 27 जून।** स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं प्रखर अधिवक्ता स्व. कमलनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित वार्षिक व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन शहीद स्मारक भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विषय सुरक्षित भारत - चुनौतियाँ एवं समाधान रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान समय में धर्मान्तरण और घुसपैठ देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, ना बाइबिल से, न कुरान से, भारत चलेगा संविधान से। उन्होंने कहा कि कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा ही देश की एकता को मजबूत कर सकती है। उन्होंने भ्रष्टाचार को सुरक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी बाधा बताते हुए इसे खत्म करने के लिए ठोस नीतियों और जनसहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र ने की। विशिष्ट अतिथियों में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश दीपक तिवारी, अनुराग पांडेय एवं कमलनारायण शर्मा की पुत्री सविता पाठक व उपस्थित रहीं। समारोह में 11 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों को सम्मानित किया गया।

### निधन

#### विकास पाण्डेय



**रायपुर, 27 जून।** चंगोराभाठा निवासी विकास पाण्डेय पिता सनत कुमार पाण्डेय (बिठिया वाले) का 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे जिला कुटुंब न्यायालय में रीडर के पद पर कार्यरत थे। उनकी अंतिम यात्रा आज निकाली गई। महादेव घाट स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

#### प्रदीप दीवान



**रायपुर, 27 जून।** ब्राह्मणपारा, आजाद चौक निवासी प्रदीप दीवान, सकरी (अभनपुर) वाले का शुक्रवार की रात निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज महादेव घाट में किया गया। वे श्रुति के पिता, सुदेश, मनीष, संदीप, भावेश के बड़े भाई व शेषनारायण दीवान के भतीजे थे।

# बहुमंजिली इमारतों में सुरक्षा उपाय कड़े करने के निर्देश



**रायपुर, 27 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को बहुमंजिला भवनों में अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) और लिफ्ट सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एडवाइजरी भेजी है।

जारी निर्देशों के अनुसार, बहुमंजिला आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित उपयोग (मिक्स्ड यूज) भवनों में रहने वाले लोगों और आगंतुकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए फायर सेफ्टी और लिफ्ट संचालन से जुड़े सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाएगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह परामर्श राष्ट्रीय भवन संहिता, भारतीय मानक ब्यूरो के प्रासंगिक मानकों तथा छत्तीसगढ़ अग्नि एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम, 2018 सहित अन्य लागू नियमों के अनुरूप तैयार किए गए हैं। इनका उद्देश्य भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करना है।

**सभी संबंधित संस्थाओं को दिए गए निर्देश**

राज्य सरकार ने नगर निगम के सभी आयुक्तों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी बहुमंजिला भवनों में इन दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही भवन प्रबंध समितियों, हाउसिंग सोसायटियों, कॉलोनाइजरों, संबंधित एजेंसियों और रखरखाव (मेंटेनेंस) करने वाली संस्थाओं को भी इन नियमों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

**जागरूकता अभियान व मॉक ड्रिल पर जोर**

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि फायर सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित जागरूकता अभियान चलाया जाए। आवश्यकता के अनुसार मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाए। वहीं लिफ्ट सुरक्षा को लेकर भी समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत 15 से ज्यादा सांसद और विधायकों के केस कोर्ट में



**रायपुर, 27 जून।** हाईकोर्ट ने 2026 की स्टेटस रिपोर्ट जारी की है। जारी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 15 से अधिक सांसद, विधायक समेत अन्य नेताओं के खिलाफ 20 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमों में सुनवाई चल रही है। इस सूची में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, देवेन्द्र यादव, विधायक कवासी लखमा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव समेत कई पूर्व व वर्तमान विधायकों के मामलों की नियमित रूप से फास्ट ट्रैक कोर्ट में मॉनिटरिंग व सुनवाई जारी है।

सबसे ज्यादा हाईप्रोफाइल मामला राजधानी रायपुर की विशेष अदालतों में चल रही है। इन अदालतों में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कैलाश मुरारका और विजय भाटिया के खिलाफ आपराधिक मामला विचाराधीन है। इसके अलावा रायपुर के ही प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय में वर्तमान विधायक कवासी लखमा के खिलाफ एसीबी के विशेष मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला विचाराधीन है। वहीं हाईप्रोफाइल मामलों में बिलासपुर के सीजेएम कोर्ट में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत आगामी महीने में आरोप तय होने हैं।

**धोखाधड़ी का मामला भी पेंडिंग**

इसके अलावा राजनांदगांव के विशेष न्यायालय में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और मोहम्मद खालिद के खिलाफ जमाकर्ताओं के हितों के संरक्षण अधिनियम के तहत छह अलग-अलग मामले चल रहे हैं। इनमें से तीन मामलों में आरोपी नेताओं को राहत भी मिल चुकी है। वहीं प्रदेश के जांजगीर चांपा जिले में आरोपी बालेश्वर साहू और गौतम राठौर के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत आईपीसी की धारा 420 और मारपीट के मामलों में जिला न्यायालय में अभियोजन साक्ष्य की प्रक्रिया जारी है।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने बैज के हटने का इंतजार कर रहे हैं भगत : मिश्रा



**रायपुर, 27 जून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने पलटवार किया है। उन्होने कहा है कि अमरजीत भाई मेरे प्रिय छोटे भाई हैं। कांग्रेस में जैसा अमरजीत भगत बोलते हैं वैसे पुरंदर बीजेपी में बोलते हैं। वो अपना कार्यकाल याद करें। बहुत नाक रगड़े थे तब वो मंत्री बन पाए थे।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, अपने 5 साल और हमारे ढाई साल की तुलना कर लें। किसने कितना काम किया याद आ जाएगा। अमरजीत भगत प्रदेश अध्यक्ष बनने की तैयारी कर रहे हैं। वो चाहते हैं कि कब बैज हटे और वो अध्यक्ष बने इसलिए वो बयानबाजी कर रहे।

विधायक पुरंदर ने कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में फंडिंग जुटाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का असली चेहरा प्रशिक्षण में उजागर हो गया। चंदा कैसे वसूला जाए, कैसे आर्थिक स्थिति मजूबत हो इसकी ट्रेनिंग दी गई। कांग्रेस की ट्रेनिंग में कौन झोला लेकर आ रहा इसकी बात होती है। कांग्रेस की मीटिंग आर्थिक कलेक्शन को लेकर ही होता है।

बता दें कि प्रदेश भाजपा पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने तंज कसते हुए कहा है कि भाजपा के अंदरखाने में कुछ भी अच्छा नहीं है। चला चली की बेला है, लोगों में व्याकुलता है। भाजपा के पास रिपोर्ट आई है, जिसमें वह सरकार रिपीट नहीं कर रहे।

# छात्रावास में लापरवाही पर भृत्य व अधीक्षक निलंबित



**रायपुर, 27 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के संकल्प के अनुरूप सुकमा जिले में छात्रावासों एवं आश्रमों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने जिला प्रशासन सक्रिय है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रारंभ होने से पहले कलेक्टर के नेतृत्व में छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें लापरवाही और अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए भृत्य और अधीक्षक को निलंबित किया गया।

**निरीक्षण में सामने आई गंभीर खामियां:** 25 जून को कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में कई छात्रावासों एवं आश्रमों में साफ-सफाई की कमी, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति तथा संचालन में लापरवाही जैसी गंभीर कमियां पाई गईं। पूर्व में समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के बावजूद सुधार नहीं होने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया।

**लापरवाह कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई:** निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं के आधार पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन तथा प्रभार से पृथक करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दायरे में कन्या आश्रम दुब्बाटोटा की अधीक्षिका सुशीला कवासी, प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास दुब्बाटोटा के अधीक्षक पुनेम हिरमा, पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास की अधीक्षिका सविता यादव तथा प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास के भोजराज ठाकुर शामिल हैं। छात्रावासों का संचालन प्रभावित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने तत्काल वैकल्पिक अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंप दी है।

**बच्चों के हितों से कोई समझौता नहीं:** कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप सभी संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**सुशासन व जवाबदेही की मजबूत पहल**

जिला प्रशासन की यह कार्रवाई शासकीय छात्रावासों और आश्रमों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे व्यवस्थाओं में सुधार आएगा, अनुशासन मजबूत होगा और विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुशासन की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

# बिजली बिल पटाने में में देरी हुई तो हर दिन देना होगा चार्ज

रायपुर, 27 जून। राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, एक जुलाई से बिजली बिल के नए नियम।लागू होने वाले है। अब बिजली बिल जमा करने में देरी होने पर उपभोक्ताओं से पूरे महीने का लेट पेमेंट सरचार्ज नहीं लिया जाएगा, बल्कि जितने दिनों की देरी होगी, उसी अनुपात में अतिरिक्त शुल्क वसूला जाएगा। हालांकि, इसके साथ ही घरेलू और व्यावसायिक बिजली दरों में वृद्धि से उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका भी है।

राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसइआरसी) द्वारा जारी नए टैरिफआदेश के तहत लेट पेमेंट सरचार्ज की प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अभी तक प्रचलित व्यवस्था में बिल की नियत तिथि बीतते ही उपभोक्ताओं पर 1.5 प्रतिशत मासिक सरचार्ज लगाया जाता था। देरी चाहे एक दिन की हो या पूरे महीने की, उपभोक्ताओं को पूरे महीने के हिसाब से जुर्माना चुकाना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत अब विलंब शुल्क की गणना दैनिक आधार पर की जाएगी। आयोग ने इसके लिए 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर निर्धारित की है।

**बढ़ा हुआ मिलेगा बिल**



नए टैरिफके अनुसार घरेलू श्रेणी में बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की बढ़ोतरी की गई है। खपत के आधार पर उपभोक्ताओं के मासिक बिल में 30 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है। वहीं व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक की बढ़ोतरी की गई है। कृषि उपभोक्ताओं को मिलने वाली कुछ रियायतों और श्रेणियों के पुनर्गठन में भी बदलाव किया गया है।

# समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश



**रायपुर, 27 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जिला पंचायत कार्यालय में जिले के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों एवं आमजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना।

इस दौरान ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं को लेकर जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। कल्पना योगेश तिवारी ने प्रत्येक ग्रामीण से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष एवं कार्यालयीन माध्यम से संपर्क कर समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान कराना जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए जिला पंचायत लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत कार्यालय हमेशा आमजन के लिए खुला है। ग्रामीण अपनी समस्याओं और सुझावों के साथ कभी भी कार्यालय आ सकते हैं। उनकी हर समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा तथा नियमानुसार उसका समाधान कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# एमएसएमई महोत्सव व संगोष्ठी सम्पन्न



**रायपुर, 27 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की रायपुर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन में एमएसएमई दिवस के उपलक्ष्य में, अर्ध दिवसीय महत्वपूर्ण संगोष्ठी एमएसएमई महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग संचालनालय रायपुर के अतिरिक्त संचालक शिव कुमार राठौर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएसएमई डीएफओ के संयुक्त संचालक एल.के. परगनिहा उपस्थित रहे जो छत्तीसगढ़ में उद्यमियों के विकास, मार्गदर्शन और विभिन्न सरकारी योजना के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अतिथियों का स्वागत चेम्बर और आईसीएआई के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति की पूजा अर्चना कर, दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया। आईसीएआई की रायपुर शाखा अध्यक्ष सी.ए. रश्मि वर्मा एवं सचिव सी.ए. ऋषिकेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए और इस संयुक्त प्रयास को व्यापारियों व प्रोफेशनल्स के हित में एक मील का पत्थर बताया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि एसएमई केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की असली रीढ़ है, जो रोजगार और नवाचार के जरिए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहा है। आज पूंजी की कमी किसी भी उद्यमी के सपनों की बाधा नहीं बननी चाहिए, क्योंकि सरकार की योजनाओं के तहत अब बिना कुछ गिरवी रखे (संपाश्विक मुक्त) भी बैंक ऋण आसानी से उपलब्ध करा रहे हैं।

**सख्ती** | **सड़क पर दौड़े तो होगी कार्रवाई, परिवहन विभाग ने जारी किए निर्देश**

# सड़कों पर अब नहीं दौड़ेंगे केजव्हील वाले ट्रैक्टर



**रायपुर, 27 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सशक्त नेतृत्व और परिवहन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में राज्य सरकार सड़क सुरक्षा और मोटर वाहन नियमों के प्रभावी पालन के लिए लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने रबर टायर के बिना दोहरे लोहे के पिंजरे (आयरन केजव्हील) वाले ट्रैक्टरों के सामान्य सड़कों पर संचालन पर सख्ती बरतने के निर्देश जारी किए हैं। परिवहन विभाग ने सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे ट्रैक्टरों के सड़क पर संचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**खेतों के लिए बने हैं आयरन केजव्हील :** परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ट्रैक्टरों में लगाए जाने वाले आयरन केजव्हील केवल कृषि कार्य और खेतों में उपयोग के लिए बनाए गए हैं। इन्हें रबर टायर के स्थान पर डामर, सीमेंट की सड़कों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलाना मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है।

**सड़कें हो रही हैं क्षतिग्रस्त दुर्घटना का भी खतरा :** लोक निर्माण विभाग के अनुसार ऐसे ट्रैक्टरों के सड़क पर चलने से डामर और सीमेंट की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने इस पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा जनजागरूकता अभियान:** जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से किसानों और वाहन चालकों को मोटर वाहन नियमों तथा आयरन केजव्हील के सुरक्षित एवं निर्धारित उपयोग की जानकारी दी जाएगी।

**मीडिया के माध्यम से होगा व्यापक प्रचार-प्रसार**

परिवहन विभाग ने स्थानीय समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना तथा मोटर वाहन नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है।

# नवा रायपुर को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने पर चौधरी का जोर



**रायपुर, 27 जून।** आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने नवा रायपुर में 'पीपुल फॉर पीपल' अभियान सहित विभिन्न वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में वृक्षारोपण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पौधों के संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ओ.पी. चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए, ताकि अभियान के बेहतर परिणाम सामने आ सकें। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने के लिए वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाना जरूरी है। इस दिशा में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाकर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26